हिन्दी सांध्य दैनिक

प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 7, अंकः 14, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 5 जुलाई, 2022 दिन मंगलवार गाजीपुर/वाराणसी

नई उड़ान के साथ पूरा कर रहे विकास कार्य

दूसरे कार्यकाल के सौ दिन पर सीएम योगी आदित्यनाथ बोले

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार के दूसरे कार्यकाल के सौ दिन पांच जुलाई को पूरे होंगे। इसके एक दिन पहले ही यानी आज चार जुलाई को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपनी सरकार के दूसरे कार्यकाल के सौ दिन के कामकाज का रिपोर्ट कार्ड पेश किया। लोक भवन में सीएम योगी आदित्यनाथ प्रेस कान्फ्रेंस में सरकार के कार्य का ब्यौरा प्रस्तुत किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश सरकार में सारे कार्यक्रम उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई गति देने के लिए टीम वर्क से हो रहे हैं। हम आज पांच वर्ष के कार्यक्रम के संदर्भ ने सौ दिन की प्रगति को प्रस्तुत कर रहे हैं। हमारी सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था के ग्रोथ इंजन के रूप में उत्तर प्रदेश के सामर्थ्य को संजोने और उसे देश व दुनिया के सामने प्रस्तुत करने का कार्य 2017 से मार्च 2022 के बीच में किया है। अब इस दूसरे कार्यकाल में हम सब एक नई उड़ान के साथ अपनी यात्रा को आगे बढ़ा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जो लक्ष्य निर्धारित किया है, जो भारत की अर्थव्यवस्था फाइव ट्रिलियन की होगी उसमें तो

स्वाभाविक रूप से उत्तर प्रदेश की भूमिका इसमें महत्वपूर्ण हो जाती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें जो दूसरा कार्यकाल जनता जनार्दन ने दिया है, इस दूसरे कार्यकाल में एक नई उड़ान के साथ हम सब अपनी यात्रा को आगे बढ़ा रहे हैं। उत्तर प्रदेश में सरकार में आते ही मंत्रिमंडल ने दस सेक्टर चुने। उनसे संबंधित प्रेजेंटेशन विभागीय प्रशिक्षण में सभी विभागीय मंत्री गण मौजूद रहे उसे बनाया, उसका अध्ययन किया। इसके बाद मंत्रिमंडल के सामने प्रस्तुतीकरण हुआ फिर सभी की चर्चा हुई और ठोस कार्ययोजना बनाकर के हर एक सेक्टर के लिए एक सीनियर अधिकारी को जिम्मेदारी दी। जिससे कि हर सेक्टर की संभावनाओं को आगामी पांच वर्ष में वन ट्रिलियन डॉलर की योजनाओं में सहयोग दे। उन्होंने कहा कि सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम में 18 समूहों के साथ अपने मंत्रिमंडल के सदस्यों को जोड़ा गया। इन सभी ने 18 कमिश्नरी को केंद्र में रखकर के 72 घंटे के लिए एक-एक कमिश्नरी में प्रवास किया। जनपद स्तर पर गांव में गए नगर में गए अलग-अलग संगठनों और संस्थाओं के साथ बैठकर वार्ता भी की। जनता चौपाल लगाई, विकास कार्यों के भौतिक निरीक्षण किए और उन कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने का कार्य किया जो जनता के मन में विश्वास पैदा कर सके। मंत्री समूह में अब तक हर मंत्री समूह 2- 2 कमिश्नरी कवर कर चुके हैं। सरकार की सभी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सफलतापूर्वक आगे बढ़ाया जा रहा है। यह जो कार्यक्रम है जो उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक नई गति देने के लिए टीम वर्क के रूप में कार्य करके आगे बढ़ाया जा रहा है। जिससे अगले पांच वर्ष के लिए जो लक्ष्य तय किए गए हैं वह समय पर तय हो सकें।

वर्तमान में हम उसी ओर आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। हमने जो कार्य योजना तैयार की है उसमें तकनीक का भी बेहतर इस्तेमाल किया है। पहली बार प्रदेश के अंदर पेंशन प्राप्त करने वाले सरकारी कर्मचारियों के लिए ई पेंशन योजना लागू की। देश का पहला राज्य है यूपी जो 100 दिनों के अंदर इस योजना को लागू किया है। प्रदेश में ई-विधान को लागू किया गया हाल ही में विधानसभा में जो सत्र संपन्न हुआ। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में देश के महामहिम राष्ट्रपति जी रामनाथ कोविन्द का मार्ग दर्शन दोनों सदनों को प्राप्त हुआ।

सामूहिक हत्याकांड में मीनू त्यागी समेत 13 आरोपितों को आजीवन कारावास

मुजफ्फरनगर। 11 वर्ष पूर्व बड़कली मोड पर हुए सामूहिक हत्याकांड में कोर्ट ने सोमवार को मीनू त्यागी समेत 13 आरोपितों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इस हत्याकांड में एक ही परिवार के तीन बच्चों सहित आठ लोगों की ट्रक से कुचलकर हत्या कर दी गई थी। जिसमें गन्ना समिति के पूर्व चेयरमैन उदयवीर सिंह भी शामिल थे। कुख्यात विक्की त्यागी समेत 15 आरोपितों पर मुकदमा दर्ज हुआ था। विक्की त्यागी समेत दो लोगों की मौत हो चुकी हैं। बता दें कि बड़कली सामूहिक हत्याकांड में एक आरोपित ने जिला जज की कोर्ट में अर्जी दाखिल कर दूसरी कोर्ट में सुनवाई करने की गुहार लगाई थी। इस सामूहिक हत्याकांड में बहस पूरी हो चुकी थी। शीघ्र ही इस मामले में कोर्ट अपना फैसला सुनाने वाली थी। गौरतलब है कि 11 जुलाई, 2011 को शहर कोतवाली क्षेत्र के बड़कली में बधाई निवासी पूर्व गन्ना समिति के चेयरमैन उदयवीर सहित आठ लोगों की ट्रक से कुचलकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में कुख्यात विक्की त्यागी, मीनू त्यागी, अनिल, शुभम समेत 20 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की सुनवाई अपर सत्र एवं न्यायाधीश पाक्सो कोर्ट संख्या दो छोटे लाल यादव के समक्ष चल रही थी। आरोपित बनाए गए विक्की त्यागी की वर्ष 2015 में कोर्ट परिसर में हत्या कर दी गई थी।

दिल्ली विधानसभा: मानसून सत्र के पहले दिन पास हुए 5 विधेयक, अब बढ़ जाएगा विधायकों-मंत्रियों का वेतन

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा के दो दिनों का मानसून सत्र आज से शुरू हो गया। सबसे पहले दिल्ली की राजिंदर नगर विधानसभा सीट से चुने गए आम आदमी पार्टी के विधायक दुर्गेश पाठक ने शपथ ली। सत्र के दो दिनों में कई विषयों पर चर्चा होगी। कई विधेयक लाए जाएंगे और कई बड़े फैसले लिए जाएंगे। इस सत्र पर दिल्लीवासियों की निगाहें टिकी हुई हैं। पहले दिन सदन में नियम-280 पर चर्चा हुई जिसमें पक्ष और प्रतिपक्ष के नेताओं ने हिस्सा लिया। चर्चा में शामिल होते हुए नेता प्रतिपक्ष ने सरकार पर स्कूलों को बंद करने का आरोप लगाया। इसके उत्तर में उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष झूठ बोल रहे हैं। वो दो शिफ्ट के स्कूल को एक शिफ्ट में बदलने, स्कूल को स्पोर्ट्स स्कूल में तब्दील करने को स्कूल बंदी बता रहे हैं।

पहले दिन पास हुए पांच बिल- दिल्ली विधानसभा के मानसून सत्र के पहले ही दिन पांच बिल पेश किए गए। पहला बिल मंत्रियों के वेतन का, दूसरा बिल विधायकों के वेतन का, तीसरा बिल चीफ व्हिप के वेतन का, चौथा बिल स्पीकर-डिप्टी स्पीकर के वेतन का और पांचवा बिल लीडर ऑफ अपोजिशन के वेतन से संबंधित था। ये सभी विधेयक सदन से पास हो गए हैं।

तो 90 हजार हो जाएगा विधायक का वेतन- विधानसभा सदन से बाहर आम आदमी पार्टी (आप) नेता और उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने बताया कि विधायकों, मंत्रियों, विधानसभा अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष का वेतन बढ़ाने वाला प्रस्ताव सोमवार को विधानसभा में पारित हो गया है। विधायकों को पिछले 11 साल से 12,000 रुपये मासिक वेतन मिल रहा है, जिसे अब बढ़ाकर 30,000 रुपये कर दिया गया है। कुल वेतन 90,000 रुपये हो जाएगा। उन्होंने आगे कहा, "पिछले सात सालों में इस मुद्दे पर बहुत चर्चा हो चुकी है। शुरूआत में केंद्र सरकार को इसमें कुछ आपत्तियां थीं। उनके सुझावों को ध्यान में रखते हुए दिल्ली विधानसभा ने एक बार फिर इस विधेयक को पारित कर दिया है और उम्मीद है कि केंद्र भी इसे पारित कर देगा।" बता दें कि जरूरत पड़ने पर सत्र की अवधि बढ़ाई जा सकती है। कोविड की मौजूदा स्थिति को देखते हुए विधायकों को मास्क पहनकर सदन में पहुंचने को कहा गया था।

श्रीलंकाई नौसेना ने भारतीय मछुआरों को किया गिरफ्तार, रिहाई के लिए सीएम स्टालिन ने विदेश मंत्री जयशंकर को लिखा पत्र

चेन्नई। श्रीलंका की नौसेना ने जाफना के प्वाइंट पेड्रो से 12 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया और उनकी नौका जब्त कर ली। श्रीलंकाई नौसेना के प्रवक्ता कैप्टन इंडिका डेसिल्वा ने कहा है

कि रविवार को गिरफ्तारी की गई। मछुआरे गैर कानूनी रूप से श्रीलंका की जल सीमा में मछली पकड़ रहे थे। तमिलनाडु में दो महीने तक मछली पकड़ने पर लागू प्रतिबंध समाप्त होने और मछुआरों के काम पर लौटने के दो दिन बाद यह घटना हुई है। मछलियों के प्रजनन को ध्यान में रखते हुए राज्य में दो महीने तक मछली पकड़ने पर प्रतिबंध लागू किया गया था। उल्लेखनीय है कि तमिलनाडु के कई मछुआरे श्रीलंका की जेलों में बंद हैं। कई उच्चस्तरीय बैठकों और दोनों देशों के बीच चचाओं के बावजूद मुद्दे का अभी तक समाधान नहीं हो पाया है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने सोमवार को विदेश मंत्री (ईएएम) एस जयशंकर से श्रीलंकाई नौसेना द्वारा गिरफ्तार किए गए 12 भारतीय मछुआरों की तत्काल रिहाई के लिए उचित कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। विदेश मंत्री को लिखे एक पत्र में मुख्यमंत्री ने कहा, "यह गिरफ्तारी तमिलनाडु के मछुआरों को डराती है और इससे राज्य के तटीय क्षेत्रों में असुरक्षा और भय की भावना पैदा होने की भी संभावना है। इसलिए, मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि 12 मछुआरों और उनकी मछली पकड़ने वाली नाव की तत्काल रिहाई सुनिश्चित करने के लिए उपयुक्त राजनयिक चैनलों के माध्यम से मामले को खत्म करें।गिरफ्तार किए गए 12 भारतीय मछुआरों में से 7 तमिलनाडु के हैं और 5 पुडुचेरी के हैं। उन्होंने आगे बताया कि तमिलनाडु के मछुआरों ने हाल ही में 15 जून, 2022 को समाप्त 61 दिनों की वार्षिक प्रतिबंध अवधि के बाद मछली पकड़ना फिर से शुरू कर दिया है। इस साल 25 मार्च को मत्स्य पालन पर भारत-श्रीलंका संयुक्त कार्य समूह की पांचवीं बैठक वर्चुअल मोड के माध्यम से आयोजित किया गया था।

मोदी सरकार की अग्निपथ योजना को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती, याचिकाओं पर अगले हफ्ते होगी सुनवाई

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि वह सशस्त्र बलों में भर्ती के लिए केंद्र की अग्निपथ योजना को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अगले सप्ताह सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ति इंदिरा बनर्जी और न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी की अवकाश पीठ ने कहा कि गर्मी की छुट्टी के बाद शीर्ष अदालत के दोबारा खुलने पर याचिकाओं को अगले सप्ताह उपयुक्त पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया जाएगा।

जून में हुई थी अग्निपथ योजना की घोषणा- पिछले महीने, सरकार ने अग्निपथ योजना की घोषणा की थी, जिसके तहत साढ़े 17 से 21 वर्ष की आयु के युवाओं को चार साल के कार्यकाल के लिए सशस्त्र बलों में शामिल किया जाएगा, जबकि उनमें से 25 प्रतिशत युवाओं को बाद में नियमित सेवा में शामिल किया जाए।

एक जुलाई से थल सेना और नौसेना ने शुरू की भर्ती प्रक्रिया- मालूम हो कि थल सेना और नौसेना ने एक जुलाई यानी शुक्रवार से अपनी भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी है। वायुसेना ने 24 जून को इस योजना के तहत भर्ती प्रक्रिया की शुरूआत की थी। अग्निवीरों को चार साल की सेवा के बाद 11.71 लाख रुपये सेवा निधि के रूप में मिलेंगे। चार साल के बाद 25 प्रतिशत अग्निवीरों को ही स्थाई नियुक्ति मिलेगी। चार साल के बाद रिटायर हुए अग्निवीरों को केंद्रीय अर्धसैनिक बलों और रक्षा से संबंधित सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में वरीयता दी जाएगी। कई राज्य सरकारों ने भी घोषणा की है कि सेवानिवृत्ति हुए अग्निवीरों को राज्य पुलिस बलों में शामिल करने में प्राथमिकता दी जाएगी।

अग्निपथ योजना क्या है ?

रक्षा मंत्रालय ने थल सेना, वायु सेना और नौसेना में सैनिकों की भर्ती के लिए नई प्रक्रिया अपनाई है, जिसे अग्निपथ नाम दिया गया है। अग्निपथ योजना के तहत भर्ती किए जाने वाले युवाओं को अग्निवीर के नाम से जाना जाएगा।

उमेश कोल्हे हत्याकांड : अमरावती कोर्ट के समक्ष पेश हुए 4 आरोपी

अमरावती। महाराष्ट्र के केमिस्ट उमेश कोल्हे मर्डर केस में सोमवार को अमरावती कोर्ट में सभी चार आरोपियों को पेश किया गया। पैगंबर को लेकर विवादित बयान देने पर निलंबित भाजपा प्रवक्ता नुपुर शर्मा का समर्थन करने पर कोल्हे की हत्या बीते 21 जून को हुई थी। इसके बाद उदयपुर में दिन दहाड़े दर्जी की हत्या की गई। इसका भी कारण नुपुर शर्मा के विवादित बयान को समर्थन करना था।

अमरावती हत्याकांड की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) कर रही है। इस क्रम में मामले के मास्टरमाइंड इरफान खान सहित सात लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। एनआइए इस हत्या के पीछे की साजिश, इसमें शामिल संगठनों एवं इसके अंतरराष्ट्रीय संबंधों की जांच करेगी। गृह मंत्रालय के आदेश के बाद एनआइए की पांच सदस्यीय टीम ने अमरावती पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। क्षेत्रीय पुलिस उपायुक्त विक्रम साली ने मीडिया को बताया कि इस मामले में स्थानीय पुलिस ने आइपीसी की दो और धाराएं 120बी एवं 109 जोड़ दी हैं। बता दें कि अमरावती के बाद उदयपुर में हुए कन्हैयालाल हत्याकांड में हत्यारों ने वीडियो जारी कर हत्या की जिम्मेदारी ले ली। 21 जून, 2022 को दवा व्यवसायी उमेश प्रह्लादराव कोल्हे रात 10 से 10.30 बजे के बीच अपनी दवा की दुकान बंद कर स्कूटर से घर लौट रहे थे। तभी बीच रास्ते में उनपर हमला हुआ। हालांकि उनके पीछे ही दूसरी स्कूटर पर उनका 21 वर्षीय बेटा संकेत और पत्नी वैष्णवी भी आ रहे थे। बेटे के अनुसार, दो मोटरसाइकिल सवारों ने अचानक सामने आकर उनके पिता की स्कूटर रोककर बाईं ओर से उनके गले पर एक बड़े चाकू से वार करना शुरू कर दिया। घायल होकर उसके पिता गिर गए, तो वह अपनी स्कूटर रोककर पिता की ओर भागा। वह और उसकी मां मदद के लिए गुहार लगाने लगे। इसी बीच मोटरसाइकिल से आए एक और युवक के साथ दोनों हत्यारे भाग निकले।

वाराणसी में ज्ञानवापी-श्रृंगार गौरी प्रकरण की अगली सुनवाई 12 को

वाराणसी। ज्ञानवापी-श्रृंगार गौरी प्रकरण में पांच महिलाओं की ओर से दाखिल याचिका पर जिला जज डा. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत में चार जुलाई को पोषणीयता (मामला सुनवाई योग्य है या नहीं) पर सुनवाई हुई। सुनवाई में पहले मुस्लिम पक्षकारों की ओर से पक्ष रखा। आज मुस्लिम पक्ष ने अपनी दलीलें रखी, हालांकि मुस्लिम पक्ष की कुछ दलीलें अभी शेष रह गई है, जिन पर अब 12 जुलाई को सुनवाई होगी। पिछली तिथि पर 30 मई को दो घंटे चली सुनवाई में वादी पक्ष की ओर से दाखिल वाद के 52 बिदुओं में से मस्जिद पक्ष के वकील अभयनाथ यादव 36 बिंदु तक ही अपनी बात रख सके थे। इसके बाद अदालत ने मुकदमे की सुनवाई की अगली तारीख (चार जुलाई) तय कर दी थी। ज्ञानवापी परिसर स्थित श्रृंगार गौरी के दैनिक पूजन-अर्चन की इजाजत देने और अन्य देवी-देवताओं के विग्रह संरक्षित करने को लेकर दायर मुकदमे की सुनवाई 23 मई से जिला जज डा.अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत में हो रही है। नागरिक प्रक्रिया संहिता (सीपीसी) के आदेश-7 नियम 11 के तहत मुकदमा सुनने योग्य है या नहीं इस पर पहले सुनवाई हो रही है। सुप्रीम कोर्ट ने वादी पक्ष के मुकदमे की योग्यता पर सवाल उठाने वाली प्रतिवादी पक्ष की दाखिल अर्जी पर प्राथमिकता के आधार पर सुनवाई करने का जिला जज को आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने 20 मई को उक्त प्रकरण में सुनवाई करते हुए मामले की जटिलता और संवेदनशीलता को देखते हुए इसकी सुनवाई सिविल जज (सीनियर डिवीजन) की अदालत से जिला जज को स्थानांतरित कर दिया था। बता दें कि 18 अगस्त 2021 को नई दिल्ली की राखी सिंह व बनारस की चार महिलाओं लक्ष्मी देवी, रेखा पाठक, मंजू व्यास व सीता साहू ने ज्ञानवापी परिसर स्थित श्रृंगार गौरी की प्रतिदिन पूजा-अर्चना व परिसर स्थित अन्य देवी-देवताओं के विग्रहों को सुरक्षित रखने की मांग करते हुए सिविल जज (सीनियर डिवीजन) रवि कुमार दिवाकर की अदालत में मुकदमा दायर किया था।

पीएम मोदी ने स्वतंत्रता सेनानी की बेटी के पैर छूकर लिया आशीर्वाद, कहा- वीरों व देशभक्तों की धरती है आंध्र प्रदेश

हैदराबाद। आंध्र प्रदेश के भीमावरम में सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता सेनानी अल्लूरी सीताराम राजू की 30 फुट की कांस्य प्रतिमा का अनावरण किया। इस मौके पर उन्होंने राज्य के सभी स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया।

इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी ने स्वतंत्रता सेनानी पसाला कृष्णमूर्ति के परिवार से मुलाकात की। पसाला आंध्र प्रदेश के प्रमुख स्वतंत्रता सेनानियों में से एक थे। प्रधानमंत्री ने उनकी 90 वर्षीय बेटी पसाला कृष्ण भारती से मुलाकात की और उनके पैर छूकर आशीर्वाद भी लिए। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने स्वतंत्रता सेनानी की बहन और भतीजी से भी मुलाकात की। 26 जनवरी 1900 में जन्मे पसाला कृष्णमूर्ति और उनकी पत्नी अंजलक्ष्मी पसाला मार्च 1921 में कांग्रेस में शामिल हुए थे जब गांधी

जी विजयवाड़ा में थे। उन्होंने नमक सत्याग्रह आंदोलन में भी लिया था। कई बार जेल भी गए। खादी के लिए आवाज उठानेवाले पसाला ने हरिजनों के उत्थान के लिए भी आवाज उठाई। पसाला कृष्णमूर्ति ने भारत के स्वतंत्रता सेनानियों को मिलने वाले पेंशन को लेने से भी इंकार कर दिया था। उनका निधन 20 सितंबर 1978 को हुआ था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आंध्र प्रदेश के सभी स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया। उन्होंने कहा, 'मैं आंध्र की इस धरती की महान आदिवासी परंपरा को, इस परंपरा से जन्मे सभी महान क्रांतिकारियों और बलिदानियों को भी आदरपूर्वक नमन करता हूं। आंध्र प्रदेश वीरों और देशभक्तों की धरती है। यहां पिंगली वेंकैया जैसे स्वतंत्रता सेनानी हुए, जिन्होंने देश का झंडा तैयार किया था। ये कन्नेगंटी हनुमंतु, कन्दुकूरी वीरेसलिंगम पंतुलु और पोट्टी श्रीरामूलु जैसे नायकों की धरती है।' प्रधानमंत्री ने कहा, 'आज अमृतकाल में इन सेनानियों के सपनों को पूरा करने की जिम्मेदारी हम सभी देशवासियों की है। हमारा नया भारत इनके सपनों का भारत होना चाहिए। एक ऐसा भारत- जिसमें गरीब, किसान, मजदूर, पिछड़ा, आदिवासी सबके लिए समान अवसर हों। आंध्र प्रदेश के लंबसिंगी में 'अल्लूरी सीताराम राजू मेमोरियल जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय' भी बनाया जा रहा है। विशेष रूप से देश ने अल्लूरी और दूसरे सेनानियों के आदर्शों पर चलते हुए आदिवासी भाई बहनों के लिए, उनके कल्याण और विकास के लिए दिन-रात काम किया है।'

राष्ट्रीय महिला आयोग का सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के खिलाफ डीजीपी को एक्शन लेने का निर्देश

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी से निलंबित प्रवक्ता नूपुर शर्मा के खिलाफ ट्वीट करने के मामले में समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव फंस गए हैं। राष्ट्रीय महिला आयोग ने नूपुर शर्मा के खिलाफ पर ट्वीट करने के प्रकरण पर उत्तर प्रदेश के डीजीपी को उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के खिलाफ एक्शन लेने का निर्देश दिया है। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखकर कहा है कि नूपुर शर्मा के खिलाफ ट्विटर पर टिप्पणी करने के मामले में अखिलेश यादव के खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाए। राष्ट्रीय महिला आयोग ने भाजपा की निलंबित प्रवक्ता नूपुर शर्मा पर किए गए समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव के ट्वीट पर संज्ञान लेते हुए अखिलेश के खिलाफ तुरंत कार्रवाई करने की मांग की है। राष्ट्रीय महिला आयोग के चेयरपर्सन ने यूपी सरकार को लिखित में शिकायत दर्ज करते हुए कहा कि इस मामले की जांच हो और अखिलेश यादव के खिलाफ कार्रवाई की जाए। रेखा शर्मा ने उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक को लेटर लिखा और अखिलेश यादव के खिलाफ ऐक्शन लेने की मांग की है। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष ने योगी आदित्यनाथ सरकार से अपील भी की है कि तीन दिन में अखिलेश यादव के खिलाफ ऐक्शन लिया जाए। महिला आयोग ने नूपुर शर्मा पर ट्विटर पर टिप्पणी करने के लिए अखिलेश यादव के खिलाफ आइपीसी की धारा 504, 506, 509 के तहत कार्रवाई की मांग की। रेखा शर्मा ने एक ट्वीट में अखिलेश यादव के ट्वीट को रीट्वीट करते हुए कहा कि खुद को एक पार्टी का नेता कहने वाले इस आदमी को देखिए। यह लोगों को नूपुर शर्मा पर हमले के लिए उकसा रहा है। मैं यूपी पुलिस और डीजीपी को लेटर लिखकर इनके खिलाफ ऐक्शन की मांग कर रही हूं।

संपादकीय

लापरवाह तंत्र

उदयपुर में एक दर्जी की हत्या का मामला अभी शांत भी नहीं पड़ा था कि महाराष्ट्र से भी ऐसी ही दहला देने वाली घटना सामने आ गई। हालांकि यह घटना पहले की है, पर खुलासा अब हुआ। पिछले महीने की इक्कीस तारीख को अमरावती में एक दवा विक्रेता की गला रेत कर हत्या कर दी गई थी। हालांकि तब इस मामले को नफरती हत्या के नजरिए से नहीं देखा गया था और स्थानीय मीडिया और पुलिस ने इसे लूटपाट जैसी घटना बता डाला था। लेकिन बाद में छानबीन की गई तो घटना कुछ और निकली। जैसा कि अब बताया गया है कि इस दवा विक्रेता ने भी भाजपा की निलंबित प्रवक्ता नूपुर शर्मा के समर्थन में सोशल मीडिया पर टिप्पणी की थी। इसी से नाराज हो कर उनकी हत्या की साजिश रची गई और हत्यारों ने इक्कीस जून की रात उन पर उस वक्त हमला कर दिया जब वे दुकान बंद कर घर लौट रहे थे। जब उदयपुर की घटना हुई और इसके पीछे हत्यारों का मकसद सामने आया, तब अमरावती की पुलिस ने भी इसी दिशा में जांच की और खुलासा हुआ कि यह घटना भी उदयपुर जैसी ही थी। इस घटना में भी पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए केंद्रीय गृह मंत्रालय ने अमरावती घटना की जांच भी एनआइए को सौंप दी। इसमें कोई संदेह नहीं कि उदयपुर में हुई नफरती हत्या की घटना ने देश को हिला दिया। अब अमरावती का मामला भी इसमें जुड़ गया। देखा जाए तो दोनों घटनाओं में कई समानताएं हैं। जैसे हत्या का कारण एक ही मसले पर उठा विवाद रहा। हत्यारों ने मारने का तरीका भी एक जैसा अपनाया। मारे गए दोनों लोगों ने निलंबित भाजपा प्रवक्ता का समर्थन किया था। जाहिर है, इसे लेकर समुदाय विशेष के लोगों में प्रतिक्रिया पनप रही होगी और योजनाबद्ध तरीके से लोगों को निशाना बनाने की तैयारी की गई होगी। अब जैसा कि उदयपुर की घटना में सामने आया है कि दोनों हत्यारे पाकिस्तान के इशारे पर काम कर रहे थे। इनमें एक हत्यारा कई बार पाकिस्तान भी होकर आया। यह भी कि दोनों लोग लंबे समय से राजस्थान के कई जिलों में सक्रिय रूप से युवाओं को अपने नफरती अभियान में जोड़ने के काम में लगे थे। पर हैरानी की बात है कि पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी। भले यह मामला आतंकी घटना न हो, लेकिन उससे कम भी नहीं है। भारत में होने वाली विवादास्पद व भड़काऊ बातों और घटनाओं का पाकिस्तान किस तरह से इस्तेमाल कर रहा है, यह भी सामने आ गया। ऐसी घटनाएं स्वाभाविक रूप से चिंता बढ़ाने वाली हैं। जिस तरह से अलग-अलग शहरों में दो लोगों को एक विवाद के कारण एक ही तरह से मार डाला गया, उससे तो पहली नजर में यही लगता है कि यह किसी एक व्यक्ति का काम नहीं हो सकता, बल्कि इसके पीछे ऐसा बड़ा गिरोह या संगठन काम कर रहा है जो हमारी अब तक हमारी खुफिया एजंसियों की नजर से बचता रहा। गौरतलब है कि हर जिले में पुलिस की स्थानीय खुफिया इकाई भी होती है। जैसा कि बताया गया है कि उदयपुर की घटना में लिप्त हत्यारे कई सालों से राष्ट्र और समाज विरोधी गतिविधियों में शामिल थे। इसलिए सवाल तो उठता ही है कि इतने समय तक पुलिस इससे अनजान कैसे बनी रही? इन घटनाओं ने एक बार फिर पुलिस और खुफिया तंत्र की नाकामियों को रेखांकित किया है। अगर ये महकमे चुस्त-दुरुस्त रहें, जैसा कि सरकारें दावा करती भी रहती हैं, तो शायद ऐसी घटनाओं से बचा जा सकता है।

चल रही हैं बातें !

भविष्यवाणी हो रही ।
ना टिकनी सरकार ।।
दिखता होगा शायद ।
उनको कुछ आधार ।।
अपना-आपना आंकलन ।
और अपने विचार ।।
चल रहीं हैं बातें ।
फिर नाना प्रकार ।।
देखते हैं दमखम ।
क्या चलनी बयार ।।
स्वाभाविक विपक्ष का ।
है रहना प्रहार ।।
कम हुआ ना तेवर ।
अनवरत प्रयास ।।
है बची गुंजाइश ।
छू लेंगे आकाश ।।

-कृष्णेन्द्र राय

घटती आमदनी, बढ़ती महंगाई

सरोज कुमार

मुश्किल यह है कि कर का बोझ उस वर्ग पर डाला जा रहा है, जिसके हाथ में करने के लिए काम नहीं है और जिसकी जेब और पेट खाली हैं। उस वर्ग को कर छूट दी जा रही है, जिसकी तिजोरियां भरी हुई हैं और वह अपना धन दूसरे देशों में ठिकाने लगा रहा है। इसे कुनीति नहीं तो क्या कहेंगे? आमदनी बगैर अर्थव्यवस्था और पानी बगैर नदी की कल्पना बेमानी है। स्रोत सूख गए तो समझिए दोनों का अस्तित्व संकट में। भारत की अर्थव्यवस्था कुछ इसी दिशा में बढ़ रही है। शुद्ध राष्ट्रीय आय (एनएनआइ) पर आधारित प्रति व्यक्ति सालाना आय (स्थिर मूल्य) वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान 91,481 रुपए दर्ज की गई, जो महामारी से पूर्व के वित्त वर्ष 2019-20 में 94,270 रुपए और 2018-19 में 92,241 रुपए की आय से भी कम है।

महामारी के दौरान (2020-21) तो सालाना आय गिर कर 85,110 रुपए रह गई थी। यानी देश में प्रति व्यक्ति सालाना आय पिछले पांच सालों के दौरान बढ़ने के बजाय घटी है। जबकि इसी अवधि में महंगाई लगभग दोगुनी बढ़ गई। वित्त वर्ष 2018-19 में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआइ) पर आधारित खुदरा महंगाई दर 3.4 फीसद थी। मौजूदा वित्त वर्ष (2022-23) के लिए खुदरा महंगाई दर का अनुमान 6.7 फीसद है। मई में खुदरा महंगाई 7.04 फीसद दर्ज की गई। थोक महंगाई दर की रफ्तार और तेज है। मई 2018 में थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआइ) पर आधारित महंगाई दर मात्र 4.43 फीसद थी, जो मई 2022 में तीस साल के सर्वोच्च स्तर यानी 15.88 फीसद पर पहुंच गई। बात यहीं खत्म नहीं होती। आक्सफेम इंडिया की रपट कहती है कि महामारी के दौरान चौरासी फीसद लोगों की आमदनी घट गई। जबकि इसी अवधि में देश के अरबपतियों की संपत्ति 23.1 लाख करोड़ रुपए से बढ़ कर 53.2 लाख करोड़ रुपए हो गई, जो दोगुने से भी अधिक की वृद्धि है। अरबपतियों की संख्या भी एक सौ दो से बढ़ कर एक सौ बयालीस हो गई। सबसे धनी दस फीसद लोगों का देश की सतहत्तर फीसद संपत्ति पर कब्जा हो गया और देश के अनठानवे अरबपतियों की कुल संपत्ति 55.5 करोड़ आम आबादी की संयुक्त संपत्ति के बराबर हो गई। पीपुल्स रिसर्च आन इंडियाज कंज्यूमर इकोनामी (पीआरआइसी) की सर्वे रपट के अनुसार देश के बीस फीसद सबसे गरीब परिवारों की आमदनी 2015-16 की तुलना में 2020-21 के दौरान तिरपन फीसद घट गई। इसी अवधि में निम्न मध्यवर्गीय परिवारों की आमदनी बत्तीस फीसद घटी और मध्यवर्गीय परिवारों की नौ फीसद। जबकि उच्च मध्यवर्गीय परिवारों की आमदनी सात फीसद बढ़ गई और बीस फीसद सबसे अमीर परिवारों की आमदनी में उनतालीस फीसद का इजाफा हो गया। जाहिर है, देश की मौजूदा आर्थिक नीतियां आमजन के अनुकूल नहीं हैं। एक तरफ अरबपतियों की संख्या बढ़ रही है, दूसरी तरफ मध्य वर्ग का आकार घट रहा है और गरीबी का दायरा बढ़ता जा रहा है। अर्थशास्त्र की भाषा में इसे अंग्रेजी के के आकार वाली वृद्धि कहते हैं। महामारी के दौरान एक साल में देश में और तेईस करोड़ लोग गरीबी में चले गए। इनमें से कितने गरीबी से बाहर निकले, इसका कोई आंकड़ा उपलब्ध नहीं है। लेकिन अस्सी करोड़ लोगों को अभी भी मुफ्त राशन गरीबी के आंकड़े का अंदाजा कराता है। देश की इतनी बड़ी आबादी मुफ्त राशन पर आश्रित हो, तो इसे तरक्की का कौन-सा तमगा कहेंगे!

प्रतिकूल नीतियों के कारण बाजार में मांग न होने के बाद भी महंगाई आसमान पर है, और बेरोजगारी चरम पर है। गलत नीतियों का खामियाजा शुरू में तो आम जनता भुगतती है, लेकिन बाद में अर्थव्यवस्था भी लपेटे में आती है। आज सरकार की भी कमाई घट रही है। राजकोषीय घाटा बढ़ रहा है। वित्त वर्ष 2022-23 के लिए राजकोषीय घाटे का लक्ष्य सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 6.4 फीसद निर्धारित था। लेकिन अब नीति-नियंता इसे पिछले साल के स्तर यानी 6.7 फीसद पर रहने की बात कह रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल में तेजी, बाधित आपूर्ति श्रृंखला और रुपए के ऐतिहासिक अवमूल्यन के कारण देश का विदेशी मुद्रा भंडार छह सौ अरब डालर से नीचे आ गया है। विदेशी कर्ज पिछले साल के मुकाबले मार्च 22 तक 8.2 फीसद बढ़ कर 620.7 अरब डालर हो गया है। महंगाई का दबाव लगातार बना हुआ है। इससे निपटने के लिए राजकोषीय उपाय करने होंगे। परिणामस्वरूप राजकोषीय घाटा बढ़ेगा। इस साल मई में पेट्रोल, डीजल पर उत्पाद शुल्क क्रमशः आठ रुपए और छह रुपए कम किया गया। इससे एक लाख करोड़ रुपए राजस्व हानि होगी। उज्ज्वला योजना के तहत दो सौ रुपए प्रति सिलिंडर अनुदान देने से 6,100 करोड़ रुपए राजस्व घट जाएगा। लोहा, इस्पात और प्लास्टिक पर सीमा शुल्क संशोधन से राजस्व में दस से पंद्रह हजार करोड़ रुपए की कमी आएगी। उर्वरक पर अनुदान बढ़ने से वित्त वर्ष की पहली छिमाही में ही सरकारी खजाने पर 60,939.23 करोड़ रुपए का बोझ बढ़ गया है। आर्थिक तंगी को देखते हुए वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग ने अब प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएम-जीकेएवाइ) को सितंबर 2022 के बाद बंद करने की सिफारिश की है। सरकार के पास राजस्व के दो रास्ते हैं- कर, और गैर कर स्रोत। कर के तहत प्रत्यक्ष कर और अप्रत्यक्ष कर आते हैं। प्रत्यक्ष कर में निजी आयकर और कारपोरेट कर शामिल हैं। अप्रत्यक्ष करों में जीएसटी, सीमा शुल्क और टीडीएस। गैर कर स्रोत में लाभांश और सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों (पीएसयू) की कमाई आती है। सरकार चूंकि निजीकरण और विनिवेश की नीति पर चल रही है, लिहाजा लाभांश और पीएसयू की कमाई उसके एजंडे में नहीं है। अस्थिर आर्थिक वातावरण के कारण विनिवेश की स्थिति भी डावांडोल है। वित्त वर्ष 2021-22 में निर्धारित 1.75 लाख करोड़ रुपए के विनिवेश लक्ष्य का मात्र आठ फीसद यानी 13,561 करोड़ रुपए हासिल हो पाया। मौजूदा वित्त वर्ष का विनिवेश लक्ष्य 65,000 करोड़ रुपए है, लेकिन भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआइसी) के आइपीओ की विफलता के कारण यह लक्ष्य भी दूर की कौड़ी लगती है। ऐसे में सरकार का पूरा जोर कर वसूली पर आ टिका है, वह भी अप्रत्यक्ष कर (जीएसटी, उत्पाद शुल्क, सीमा शुल्क) पर। के आकार वाली अर्थव्यवस्था की जड़ यहीं से शुरू होती है, क्योंकि अप्रत्यक्ष कर का भुगतान आम जनता करती है। वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान 6.19 लाख करोड़ रुपए रेकार्ड जीएसटी संग्रह हुआ, जो संशोधित बजट लक्ष्य 5.70 लाख करोड़ से भी अधिक है। बाजार में मांग न होने के बावजूद रेकार्ड जीएसटी संग्रह के पीछे एक बड़ा कारण ऊंची महंगाई दर है। सरकार ने फिर भी जीएसटी दर बढ़ाने का निर्णय लिया है। कई वस्तुओं, सेवाओं को जीएसटी के दायरे में लाया गया, तो कई वस्तुओं, सेवाओं पर जीएसटी की दरें बढ़ा दी गई हैं। नई दरें 18 जुलाई से लागू होंगी। इससे महंगाई और बढ़ेगी, भुगतान आम जनता करेगी। मुश्किल यह है कि कर का बोझ उस वर्ग पर डाला जा रहा है, जिसके हाथ में करने के लिए काम नहीं है और जिसकी जेब और पेट खाली हैं। उस वर्ग को कर छूट दी जा रही है, जिसकी तिजोरियां भरी हुई हैं और वह अपना धन दूसरे देशों में ठिकाने लगा रहा है। इसे कुनीति नहीं तो क्या कहेंगे? 2020 में कारपोरेट कर तीस से घटा कर बाईस फीसद कर दिया गया, जिससे 1.45 लाख करोड़ रुपए सालाना राजस्व का नुकसान हो रहा है।

सरकारी योजनाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ने के सकारात्मक असर दिखने लगे हैं

भारत की 50 प्रतिशत आबादी मातृशक्ति के रूप में विद्यमान है। देश के आर्थिक विकास को यदि पंख लगाने हैं तो इस आधी आबादी को सशक्त कर उन्हें उत्पादक कार्यों में लगाना अनिवार्य है। विशेष रूप से वर्ष 2014 में केंद्र में नरेन्द्र मोदी की सरकार के आने के बाद से भारत में मातृशक्ति का सशक्तिकरण बहुत ही तेज गति से किए जाने के प्रयास हो रहे हैं और भारत में आर्थिक क्षेत्र में महिलाओं के योगदान को बढ़ाने के उद्देश्य से कई विशेष योजनाओं को लागू किया गया है। इसके सुखद परिणाम भी अब स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगे हैं। अभी हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी किए गए जमाराशि एवं ऋणराशि में हो रही वृद्धि दर सम्बंधी आंकड़ों में मातृशक्ति का लगातार बढ़ रहा योगदान स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है।

यह बहुत ही हर्ष का विषय है कि वित्तीय वर्ष 2022 में समस्त वाणिज्यिक बैंकों की जमाराशि में हुई वार्धिक वृद्धि में महिलाओं का योगदान 35 प्रतिशत का रहा है जोकि वित्तीय वर्ष 2021 में केवल 15 प्रतिशत का रहा था, अर्थात, प्रतिशत में, 20 बिंदुओं का जबरदस्त उछाल दृष्टिगोचर हुआ है। एक तथ्य यह भी उभरकर सामने आया है कि विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के योगदान में भारी वृद्धि दर्ज की गई है। वित्तीय वर्ष 2022 में ग्रामीण क्षेत्रों में जमाराशि में हुई वार्धिक वृद्धि में ग्रामीण महिलाओं का योगदान 66 प्रतिशत का रहा है जबकि वित्तीय वर्ष 2020 में यह केवल 37 प्रतिशत का रहा था। दरअसल, कुछ राज्य सरकारों ने विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत प्रदान की जाने वाली सहायता राशि का पैसा महिलाओं के बैंक खातों में ही हस्तांतरित करने का निर्णय लिया है, इसलिए जमाराशि की वार्धिक वृद्धि में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। ग्रामीण इलाकों में जमाराशियों की वृद्धि में महिलाओं के लगातार बढ़ रहे योगदान में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की विशेष भूमिका देखी जा रही है। क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों में वित्तीय वर्ष 2020 से वित्तीय वर्ष 2022 के बीच ग्रामीण क्षेत्रों की जमाराशि की वार्धिक वृद्धि में महिलाओं का योगदान 60 प्रतिशत रहा है। यह इन बैंकों द्वारा स्वयं सहायता समूह की समस्त महिला सदस्यों के जमा खाते खोले जाने के चलते सम्भव हुआ है। जबकि, पूर्व में स्वयं सहायता समूह के केवल अध्यक्ष और सचिव महिला सदस्यों के खाते खोले जाते थे। चूंकि स्वयं सहायता समूहों की स्थापना विशेष रूप से ग्रामीण एवं अर्द्ध शहरी क्षेत्रों में ही अधिक हो रही है अतः क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों द्वारा इन्हीं क्षेत्रों में महिलाओं के अधिक से अधिक जमा खाते खोले जा रहे हैं। देश में स्थापित कुल स्वयं सहायता समूहों में से 48 प्रतिशत स्वयं सहायता समूह ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत हैं जबकि 44 प्रतिशत स्वयं सहायता समूह अर्द्ध शहरी क्षेत्रों में कार्यरत हैं। स्वयं सहायता समूह न केवल कृषि के क्षेत्र में कार्यरत हैं बल्कि कृषि रहित अन्य सूक्ष्म गतिविधियों में भी कार्य करते दिखाई दे रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2020 की जमाराशियों पर वित्तीय वर्ष 2022 में जमाराशि में हुई वार्धिक वृद्धि में महिलाओं के योगदान में सबसे अधिक वृद्धि उत्तर प्रदेश राज्य में हुई है। इसके बाद तेलंगाना, कर्नाटक एवं केरल का स्थान आता है। इसके विपरीत दिल्ली, मध्य प्रदेश एवं उत्तर-पूर्वी राज्यों में जमाराशि में हुई वार्धिक वृद्धि में महिलाओं की भागीदारी कम हुई है। यह इन राज्यों के लिए चिंता का विषय होना चाहिए एवं इन राज्यों द्वारा तुरंत इस संदर्भ में कुछ उपाय किए जाने चाहिएं ताकि महिलाओं की भागीदारी इन राज्यों में भी बढ़े।

तिस्टा सेटलवाड का दंगों के साथ क्या संबंध ? इस विषय पर विशेष संवाद !

तिस्ता सेटलवाड का प्रकरण बहुत बडा हो गया है अतः उसे एन.आई.ए. को सौंपा जाए ! - आरवीएस. मणि, पूर्व अवर सचिव, केंद्रीय गृहमंत्रालय

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हिन्दू समाज की अपकीर्ति करने के लिए भारत में मुसलमानों के साथ अन्याय हो रहा है, ऐसा भ्रम फैलाकर तिस्ता सेटलवाड ने गुजरात दंगों का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपयोग किया । तिस्ता सेटलवाड ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिन्दू आतंकवाद के पी.आर. एजेंट के रूप में काम किया । उन्होंने इस दंगे के विषय में दुष्प्रचार कर अनेक इस्लामी राष्ट्रों से अपने स्वयंसेवी संगठनों के लिए हजारों करोड रूपए का चंदा इकट्ठा किया । उन्होंने इस चंदे का अपने व्यक्तिगत कार्यों के लिए दुरुपयोग तो किया ही है; इसके साथ ही समय-समय पर प्राप्त ब्योरों से उनके द्वारा हिन्दू समाज को आतंकवादी प्रमाणित करने के लिए बडे-बडे प्रसारमाध्यमों, न्यायपालिकाओं, फिल्मी जगत और अन्य माध्यमों को खरीदे जाने की भी बात सामने आई थी । कांग्रेस के तत्कालीन अर्थमंत्री और गृहमंत्री ने मनी लॉड्रींग के द्वारा तिस्ता सेटलवाड की बहुत कुछ सहायता की है । अब यह सब उजागर होनेवाला है, साथ ही और भी बातें बाहर आनेवाली हैं; इसलिए यह प्रकरण व्यापक होने से उसे गुजरात ए.टी.एस. को न सौंपकर राष्ट्रीय अन्वेषण विभाग को सौंपा जाना चाहिए, यह मांग केंद्रीय गृहमंत्रालय के पूर्व अवर सचिव (अंडर सेक्रेटरी) श्री. आरवीएस. मणि ने की है । हिन्दू जनजागृति समिति की ओर से आयोजित तिस्ता सेटलवाड का दंगों से क्या संबंध ? इस विषय पर ऑनलाइन पद्धति से आयोजित विशेष संवाद में वे ऐसा बोल रहे थे ।

पूर्व अधिकारी श्री. मणि ने आगे कहा कि मनमोहन सिंह सरकार ने तिस्ता सेटलवाड को केवल 80 करोड रुपए ही नहीं दिए, अपितु अलग-अलग मंत्रालयों से भी बडे स्तर पर धन की आपूर्ति की है । उससे नक्सलवाद, साथ ही यासिन मलिक जैसे विभाजनवादियों को आधार दिया जा रहा था । उनके पक्ष में समाचार प्रसारित करने के लिए पत्रकारों को फ्लैट, विदेश यात्रा और धन दिया जा रहा था ।

इस विशेष संवाद में इतिहास के अध्येता तथा लेखक अधिवक्ता सतीश देशपांडे ने कहा कि तिस्ता सेटलवाड ने सबरंग और सिटीजन फॉर जस्टीस एंड पीस जैसी स्वयंसेवी संगठनों के माध्यमों से अपनी दुकान ही खोली है । गुजरात दंगे में मदीनाबीबी नाम की मुसलमान महिला के साथ बलात्कार की कोई घटना नहीं हुई थी; परंतु तब भी उससे झूठा शपथपत्र बनवाकर उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, यह बात नानावटी आयोग के सामने उजागर हुई । इसके साथ ही तिस्ता के यहां काम करनेवाले उसके सहयोगी रईस पठाण ने तो उस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि जब तिस्ता सेटलवाड की सोनिया गांधी से भेंट हुई, तब सोनिया गांधी ने उसे कार्य करते रहने के लिए निरंतर धन की आपूर्ति करते रहने का आश्वासन दिया था, तो दूसरी ओर उन्होंने स्वयंसेवी संगठन को मिलनेवाली धनराशि में से 25 प्रतिशत धनराशि पीडितों के लिए व्यय करने के लिए कहा था । उस पर 50 प्रतिशत धनराशि तो दलाल ही लेते हैं और शेष 50 प्रतिशत धनराशि हमारे कार्य के लिए लगती है, ऐसा तिस्ता ने बताया था । अतः रईस खान की व्यापक जांच करने से और बहुत कुछ बाहर आ सकेगा, ऐसा अधिवक्ता देशपांडे ने बताया है ।

ना तो वो बेचारा झूठे वादे करता है और ना ही वोट मांगता है...

पाकिस्तान के कराची की सिटी कोर्ट में एक याचिका दायर हुई है जिसमें याचिका दायर करने वाले को राजनेताओं की तुलना "गधों" से करने पर भारी ऑब्जेक्शन है, उसका कहना है कि बेरिस्टर अख्तर हुसैन ने एक राजनीतिक अभियान के दौरान राजनेताओं की तुलना गधों से की है जो गधों का सरासर अपमान है याचिका पर जल्दी सुनवाई होने वाली है और ये खबर सोशल मीडिया पर वायरल भी हो रही है, याचिका कर्ता की मांग बिल्कुल जायज है दुनिया में सबसे मासूम जानवर अगर कोई है तो वह गधा ही है जो न किसी को चोट पहुंचाता है ना किसी से कुछ गलत कहता और करता है, जितना चाहे बोझा लाद दो सर झुका कर उसे उसके गंतव्य तक पहुंचा देता है अब ऐसे मासूम सीधे-साधे जानवर की तुलना यदि राजनेताओं से की जाएगी तो उन गधों को बुरा लगना जायज भी है और स्वाभाविक भी। याचिका कर्ता की बात अपने हिसाब से सौ फीसदी सही है गधे और राजनीति का दूर दूर तक कोई वास्ता नहीं है गधा ना तो बेचारा किसी से झूठे वादे करता है और ना किसी से वोट मांगता है ना सत्ता में आने के बाद भ्रष्टाचार करता है ना ही एक बार चुनाव जीतने के बाद अपने मतदाता को भूलता है और ना ही देखते देखते साइकिल से "एस यू वी" पर सवार हो जाता है वो तो जिंदगी भर बोझ ढोता ढोता मर जाता है, दूसरी तरफ नेता जनता पर बोझ बन जाते है 5 साल तक जनता उनका बोझ ढोती रहती है फिर कोई दूसरा नेता उसकी जगह ले लेता है कुल मिलाकर जनता "विक्रम" होती है और नेता "बेताल" जो जनता को कहानी सुना सुना कर उसकी पीठ पर लदे लदे अपना टाइम पास करते हैं और जनता विक्रम की भांति कहानी सुनती रहती है । गधों के पक्ष में जिसने याचिका लगाई है वो धन्यवाद का पात्र है क्योंकि गधों की भी अपनी इज्जत होती है और अगर राजनेताओं से उसकी तुलना की जाती है तो उसकी इज्जत तार तार हो सकती है इसलिए याचिकाकर्ता ने मांग की है कि ऐसा नियम बनाया जाए ताकि कोई भी गधों की तुलना राजनेताओं से न कर पाए , अब देखना ये है कि गधों के सम्मान के लिए अदालत क्या निर्णय लेती है और जिसने भी गधों की तुलना राजनेताओं से की है उनको क्या दंड देती है यदि पाकिस्तान की अदालत गधों के सम्मान के लिए कोई ऐसा फैसला देती है तो यह एक नजीर बन जाएगी और बेचारे गधे भी अपनी तुलना नेताओं से करने की झंझट से हमेशा के लिए मुक्त जो जाएंगे।

तो बनाया ही क्यों था मोबाइल- खबर है कि मोबाइल के जनक "मार्टिन कूपर" ने लोगों द्वारा मोबाइल पर टाइम बर्बाद करने पर चिंता व्यक्त की है उनका कहना है कि मोबाइल पर समय बर्बाद करने से बेहतर है कि असली जिंदगी जी जाए। "सब कुछ लुटा के होश में आए तो क्या किया" अब याद आ रहा कि बड़ी गलत चीज दुनिया में इंट्रोड्यूस कर दी ,यदि अपने ही आविष्कार से इतनी परेशानी थी तो भैया किसने कहा था कि मोबाइल का आविष्कार कर दो, अब जब मोबाइल हाथ में दे दिया है तो उसका यूज होगा ही दूसरी बात वॉट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम इन में ऐसी ऐसी चीजें लगातार आती रहती हैं कि आधी आधी रात को उठकर देखने के लिए आदमी तैयार रहता है एक सर्वे बता रहा है कि देश के तेहत्तर फीसदी लोग अपने मोबाइल को अपने टॉयलेट में ले जाते हैं कि पता नहीं किसका फोन आ जाए, पता नहीं कौन सा वीडियो देखने से वे चूक जाएं, पता नहीं कौन सा मैसेज उनकी निगाह में ना पड़ पाएं इसलिए लघुशंका और दीर्घशंका दोनों के समय ही वे मोबाइल को अपने साथ रखना पसंद करते हैं। सर्वे में आया है कि भारतीय सुबह उठ कर ब्रश बाद में करते हैं मुंह बाद में धोते हैं पहले मोबाइल के मैसेज शेयर करते हैं । इधर प्रेमी प्रेमिकाओं के लिए तो मोबाइल जैसे वरदान हो गया है पहले तो आशिक को महबूबा की एक झलक पाने के लिए मोहल्ले के चक्कर काटने पड़ते थे और आशिक की किस्मत ही होती थी की महबूबा "कचरा" फेंकने बाहर आए और उसका दीदार आशिक को हो जाए बाद में जब लेंड लाइनफोन आ गए तो घर से फोन कर सकते थे फिर भी डर रहता था कि यदि कहीं महबूबा के बाप ने फोन अटेंड कर लिया तो ऐसी तैसी तय है, लेकिन जब से मोबाइल आया उनकी मोहब्बत परवान चढ़ गई है ?200 का रिचार्ज करवाओ और जितने चाहे घंटों बातें करो, कोई रोक-टोक नहीं ऐसे सुविधाजनक यंत्र पर उनके आविष्कारक रोक लगाने की बात कर रहे हैं तो ये कैसे संभव है सर्वे बताता है कि हर भारतीय लगभग पांच घंटे मोबाइल पर बिताता है यानि उसकी जिंदगी में और कुछ मोबाइल के अलावा बचा नहीं है इसलिए आप ऐसे तो ना" थे फिल्म का यह गीत हर मोबाइल धारक पर सटीक बैठता है "तू इस तरह से मेरी जिंदगी में शामिल है जहां भी जाऊं लगता है तेरी महफिल है" ।

बीबी के लिए इतना तो बनता है- मझोली के एक शिक्षक को साहब ने इसलिए सस्पेंड कर दिया क्योंकि वो अपनी बीबी जो सरपंच का चुनाव लड़ रही है का चुनाव प्रचार कर रहे थे जबकि उनकी ड्यूटी चुनाव में लगी थी कुछ जलकुकड़ों ने भाई जी की शिकायत कर दी कि सरकारी कर्मचारी होने के बावजूद भी वे प्रत्याशी का प्रचार कर रहे हैं और भाई सस्पेंड हो गए, अब आप ही बताओ कि यदि पत्नी चुनाव में खड़ी है तो पति का कर्तव्य बनता है कि नहीं कि वो उसको चुनाव जिताने के लिए जी जान लड़ा दे ,पति पत्नी के बीच तो सात जन्मों का संबंध होता है वे शादी के दौरान कसमें भी खाते हैं कि कैसी भी परिस्थिति हो एक दूसरे का साथ और हाथ दोनो नहीं छोड़ेंगे अब पतिदेव कैसे चुनावों के दौरान अपनी पत्नी का साथ छोड़ देते तो उसका क्या होता उन्होंने अग्नि के समक्ष कसम खाई थी इसलिए उन्होंने भी छाती ठोक कर अफसर से कह दिया कि कर दो सस्पेंड या बर्खास्त जब तक वोट नहीं डल जाएंगे मैं ड्यूटी पर नहीं आने वाला। पति हो तो ऐसा पत्नी के लिए सब कुछ त्यागने तैयार नौकरी तक दांव पर लगा दी, वैसे उसको मालूम है कि बस एक बार बीबी सरपंच बन भर तो जाए उसके बाद तो वारे न्यारे होने में कोई टाइम नहीं लगेगा, विकास के नाम पर जो पैसा आएगा सब मिल बैठ कर बांट लेंगे नौकरी नहीं भी रही तो क्या फर्क पड़ता है मिलता ही कितना है उतना तो एक निर्माण कार्य के ठेके में ही निकल आएगा वैसे उस पति की तारीफ तो करना पड़ेगी जो अपनी पत्नी के लिए जी जान एक कर रहा है वरना आजकल तो पत्नी पति से हलाकान है तो पति पत्नी से परेशान है लेकिन ऐसे संकट काल में पत्नी के प्रति इतनी बेपनाह मोहब्बत ऐसे प्राणी बहुत कम ही बचे हैं दुनिया में।



स्टाइल से कैरी करें

लैपटॉप

नए जमाने के युवाओं के कंधे से कंधा मिलाने के लिए इस अल्ट्रा स्टालिश उत्पाद की लेटेस्ट लाइन लॉन्च की गई है जो न सिर्फ सुविधाओं से लैस है, बल्कि अपना स्टाइल बढ़ाने और एक फैशन एसेसरी के तौर पर भी इनका इस्तेमाल किया जा सकता है। यह नया कलेक्शन आपके लैपटॉप और लैपटॉप एसेसरीज की मौसम और खरोंचों से सुरक्षा भी करेगा और वह भी स्टाइल के साथ।

डिजिटल लाइफस्टाइल की आदी हो चुकी इस जनरेशन को अपने लैपटॉप सॉफ्ट गुड्स की मदद से स्टाइलिश बनाने का बीड़ा उठाया है बेल्किन ने।

बेल्किन ने फैशन डिजाइनर और बॉलीवुड के स्टाइल गुरु रॉकी एस के साथ मिलकर अपने ट्रेंडी और स्टाइलिश लैपटॉप बैग्स और स्लीव्स की लेटेस्ट श्रृंखला लॉन्च की। रॉकी एस और मॉडल्स ने बेल्किन के शानदार लैपटॉप बैग और स्लीव्स का नया स्टाइल रैंप पर दिखाया।

नए जमाने के युवाओं के कंधे से कंधा मिलाने के लिए इस अल्ट्रा स्टालिश उत्पाद की लेटेस्ट लाइन लॉन्च की गई है जो न सिर्फ सुविधाओं से लैस है, बल्कि अपना स्टाइल बढ़ाने और एक फैशन एसेसरी के तौर पर भी इनका इस्तेमाल किया जा सकता है। यह नया कलेक्शन आपके लैपटॉप और लैपटॉप एसेसरीज की मौसम और खरोंचों से सुरक्षा भी करेगा और वह भी स्टाइल के साथ।

फिर चाहे यह 360 डिग्री ऑर्गेनाइजेशन सिस्टम वाले टॉप, लोअर और मेसेंजर बैग हों या अतिरिक्त शोल्डर स्ट्रैप वाले बैकपैक हों या फिर ईजी एक्सेस पॉकेट और सुरक्षा के लिहाज से परफेक्ट स्लिम प्रोफाइल नेट बुक स्लीव उपलब्ध हो जिसे अलग से भी उपयोग में लाया जा सकता है या अपने सूटकेस में भी रखा जा सकता है। बेल्किन के पास आधुनिक उपभोक्ता की स्टोरेज जरूरतों के हिसाब से स्टाइलिश बिजनेस कैजुअल सोल्यूशन भी मौजूद हैं।

प्रोफेशनल छात्रों और अन्य ऐसे उपभोक्ता जो जो अपने लैपटॉप बैग को कई कामों के लिए और फैशन एसेसरी की तरह उपयोग करते हैं, उन्हें बेल्किन की यह नई लाइन दोस्तों और प्रोफेशनल्स के बीच नया स्टाइल आइकन बनने में मदद करेगी।

इस बारे में बेल्किन इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर मोहित आनंद ने कहा, ‘आज के युवा लैपटॉप बैग को सिर्फ अपने लैपटॉप रखने के झोले की तरह उपयोग नहीं करते, बल्कि उसे स्मार्ट हैंडबैग, फैशन एसेसरी और मल्टी परपस बैग की तरह काम में लाते हैं। हमारी यह नई लाइन इनके फैशन और स्टाइल स्टेमेंट के साथ अच्छी तरह ताल-मेल बिठाएगी। और जब फैशन गुरु रॉकी एस का साथ भी हमारे उत्पाद को मिला तो जाहिर है कि हमारी यह नई श्रृंखला युवाओं के बीच ट्रेंड सेट करने में मददगार साबित होगी।

सफलता की सीढ़ी

जनसंपर्क से चढ़ें

जनसंपर्क की दुनिया मे स्थान बनाने के लिए आप संगठन के जनसंपर्क विभाग या पेशेवर फर्म के जनसंपर्क विभाग में शामिल हो सकते हैं, जो ग्राहकों को सेवाएं प्रदान करता हैक। ऐसी एजेंसियां व्यक्तिगत तौर पर भी कार्य करती हैं। प्रारंभ में व्यक्ति को ट्रेनी के रूप में रखा जाता है। कई ऐसे सरकारी और गैर सरकारी संगठन हैं जो जनसंपर्क अधिकारी के रूप में उम्मीदवार को संस्थान से जोड़ते हैं। इस क्षेत्र में उच्च योग्यता होने के बाद आप शिक्षा के क्षेत्र से भी जुड़ सकते हैं।

सभी को अपने शब्दों पर पूरा विश्वास होता है,अगर ऐसा ही कुछ विश्वास आपको है, तो बेशक एक सफल कैरियर के रूप में चुनें जनसंपर्क का जादुई क्षेत्र आइए जानते हैं कि जनसंपर्क के क्षेत्र में आपके लिए कैसी संभावनाएं हैं। जनसंपर्कचुनौतियों से भरा एक बेहतर कैरियर है। अगर कहा जाए यह किसी की छवि बनाने का कार्य भी होता है। जो मुख्यतः शब्दों को खेल होता है। हम किसी न किसी तरीके से अपने परिवार साथियों तथा सहकर्मियों के साथ जनसंपर्क के नियम लागू करते हैं।

जनसंपर्क आखिर है क्या?

व्यावसायिक दृष्टि से जनसंपर्क (पब्लिक रिलेशन) प्रबंधन का ऐसा साधन है जिससे कॉर्पोरेट संगठन सरकार तथा कुछ सीमा तक व्यक्ति की छवि बनाने में सहायक मिलती है। अब तो राज्य सरकारों ने भी जनमानस पर अनुकूल छाप छोड़ने के लिए जनसंपर्क कार्यों को महत्व देना शुरू कर दिया है। जनसंपर्क के माध्यम से संगठन सभी से संपर्क बनाए रख सकता है। इस वर्ग में ऐसे लोग सेवाओं का लाभ उठाते हैं या जो संगठन में निवेश करते हैं और यहां तक कि इस वर्ग में उस संगठन के कर्मचारी भी हो सकते हैं। ग्लोबलाइजेशन के दौर ने जनसंपर्क का क्षेत्र ओर अधिक व्यापक बना दिया है। आज जीवन के हर क्षेत्र में जनसंपर्क को महत्व दिया जाने लगा है। इस कार्य क्षेत्र में कंपनी से लेकर उत्पाद जनता परियोजना या विचारों तक सब कुछ शामिल हैं। लोकप्रिय छवि बनाने केअलावा जनसंपर्क संगठन और इसके काम को सही आकार व्यवहार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

क्या हो आपकी खासियत?

परिस्थिति कैसी भी हो कंपनी कोई भी फैसला लेने से पहले जनसंपर्क विभाग से सलाह और सेवाएं जरूर लेती हैं, इसलिए जनसंपर्क कार्य से जुड़ व्यक्ति के पास दबाव के समय भी सही फैसले लेने की क्षमता आवश्यक सूचना हासिल करने तथा व्यावहारिक एंव प्राभावी हल ढूंढ निकालने की दक्षता होनी चाहिए। इसक अलावा वर्तमान समस्याओं को सुलझाने की कल्पना शक्ति तथा समस्याओं को सुलझाने केअनुसार अपने को ढालना लोगों तथा समूह के साथ आमने सामने संपर्क स्थापित करने के लिए लेखन क्षमता आत्मविश्वास सही तरीके से बात को रखना अन्य लोगों के प्रति सम्मान कूटनीति जैसे गुण होना आवश्यक है, जिसके चलते ही आप इस क्षेत्र में सफल हो पाएंगे।

बेहतर सैलरी

इस क्षेत्र में जितनी जॉब की अधिकता है, उतनी ही अच्छी सैलरी भी है। जो आपकी योग्यता और काम पर निर्भर करता है। जनसंपर्क प्रशिक्षणार्थी का प्रारंभ में वेतन 5000 रूपए से 7000 रूपए के बीच प्रतिमाह होता है, लेकिन यह कंकपनी और उम्मीदवार के ऊपर निर्भर करता है कि वेतन का स्वरूप कैसा होगा। एक बार अनुभव हो जाने के बाद आप 12000 रूपए से 25000 हजार रूपए तक के बीच कहीं भी, किसी भी संगठन में वेतन पा सकते हैं। वैसे इंटरनेशनल कपंनियों तथा कॉर्पोरेट सेक्टर में वेतन अन्य संगठन के मुताबिक ज्यादा है।

जॉब की संभावनाएं

यह क्षेत्र जॉब और सैलरी दोनों के लिए ही बेहतर है। जनसंपर्क की दुनिया मे स्थान बनाने के लिए आप संगठन के जनसंपर्क विभाग या पेशेवर फर्म के जनसंपर्क विभाग में शामिल हो सकते हैं, जो ग्राहकों को सेवाएं प्रदान करता हैक। ऐसी एजेंसियां व्यक्तिगत तौर पर भी कार्य करती हैं। प्रारंभ में व्यक्ति को ट्रेनी के रूप में रखा जाता है। कई ऐसे सरकारी और गैर सरकारी संगठन हैं जो जनसंपर्क अधिकारी के रूप में उम्मीदवार को संस्थान से जोड़ते हैं। इस क्षेत्र में उच्च योग्यता होने के बाद आप शिक्षा के क्षेत्र से भी जुड़ सकते हैं।

आवश्यक योग्तया

इस क्षेत्र मे डिग्री से अधिक आपकी पर्सनल स्किल्स महत्वपूर्ण है। लेकिन प्रवेश पाने के लिए आपके पास प्रोफेशनल डिग्री को होना भी जरूरी है। जनसंपर्क अधिकारी के लिए किसी भी विषय में स्नातक की डिग्री होना आवश्यक है। वेसे इस क्षेत्र की बढ़ते क्रेज को देखते हुए अनेक संस्थान जनसंपर्क से संबंधित पोस्टग्रेजुएट डिप्लोमा पाठ्यक्रम में पत्रकारिता विज्ञापन या जनसंचार भी शामिल हैं। इसके अलावा अब कंप्यूटर की जानकारी को महत्व दिया जा रहा है।

पर्वतारोहण

में ऊंचाई छूता कैरियर

इस क्षेत्र में कैरियर बनाने हेतु स्वस्थ शरीर पहली आवश्यककता है। इसके साथ ही इसमें सजगता सूझबूझ विपरीत परिस्थितियों में धैर्य बनाए रखना होता है। पर्वतारोहण में उचित प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद आप सार्वजनिक या निजी विभाग में अपनी योग्यता के अनुसार कार्य संभाल सकते हैं।

पर्वतारोहण के क्षेत्र में कैरियर की बहुत उजली संभावनाएं हैं। पर्वतारोहण के क्षेत्र में कैरियर बनाने हेतु किसी खास योग्यता की आवश्यकता नहीं है जबकि साहसी होना आवश्यकता है। इस क्षेत्र में कैरियर बनाने हेतु स्वस्थ शरीर पहली आवश्यककता है। इसके साथ ही इसमें सजगता सूझबूझ विपरीत परिस्थितियों में धैर्य बनाए रखना होता है। पर्वतरोहण में उचित प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद आप सार्वजनिक या निजी विभाग में अपनी योग्यता के अनुसार कार्य संभाल सकते हैं। पर्वतारोहण का कोर्स कराने वाले देश के प्रमुख संस्थान हैं।

हिमाचल पर्वतारोहण संस्थान, दार्जिलिंग
पर्वतारोहण निदेशालय, मनाली
एडवेंचर एकेडमी ऑफ राजस्थान जयपुर
जवाहर पर्वतारोहण एवं शीत क्रीड़ा संस्थान, पहलगाम
इंडियन स्कीइंग एंड माउंटेनियरिंग इंस्टीट्यूट गुलमर्ग, जम्मू कश्मीर

पर्वतारोहण के क्षेत्र में आप चाहें तो प्रशिक्षण संस्थान भी खेलकर अच्छी आय अर्जित कर सकते हैं।

पर्वतारोहण के लिए प्रशिक्षण जरूरी

पर्वतारोहण एक चुनौती एक साहस और आपको बुलंद सोच का नतीजा है, जिसमें आपका आत्मविश्वास उस लंबी पैदल यात्रा को सहज बनाने का काम करती है, क्योंकि इस चढ़ाई में न तो आपको कोई शिविर मिलेंगे और न ही लंगर। आमतौर पर बेदर्द मौसम और एक रहस्य मयी ऊंचाई और हर कोने में और हर कदम पर खतरे की सुगबुगाहट आपको दहला देती है। ऐसे मे आपको इन परिस्थियों से सिर्फ एक चीज सह ही बचा सकती है, वो आपका पूर्व प्रशिक्षण आपके अभियान की सफलता के लिए है।

कुछ आवश्यक वस्तुएं

शीतकालीन ऊपर का कपड़ा
चढ़ाई गियर हारनेसेस या घुस
हेलमेट, रस्सियां
ट्रेकिंग युक्त जूते
शीतकालीन बैकपेकिंग टेंट
अनुदेशात्मक किताबें और मानचित्र

इन्हें भी ध्यान रखें

आपका बड़ी चट्टानों बर्फ रात में विविध तरह के इलाके पर रहने चलने का अभ्यास।
अलास्का की डेनालीर पर बसंत में अपनी पहली चढ़ाई करें।
एक जोरदार और नियमित प्रशिक्षण और पर्वतारोहण।
पहाड़ों पर अक्सर जाएं।
भोगोलिक और अनुभवयुक्त पुस्तकों को पढ़ें। सबसे अच्छा उपकरण का प्रयोग करें, क्योंकि आपकी जिंदगी उस पर निर्भर है।
विशेषज्ञों से सलाह लें।

अनुष्का ने 'चकड़ा एक्सप्रेस' की शूटिंग पूरी की

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री अनुष्का शर्मा ने अपनी आने वाली फिल्म 'चकड़ा एक्सप्रेस' के पहले शेड्यूल की शूटिंग पूरी कर ली है। अनुष्का शर्मा की फिल्म चकड़ा एक्सप्रेस भारतीय तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी के जीवन पर आधारित है। अनुष्का शर्मा ने फिल्म चकड़ा एक्सप्रेस के पहले शेडयूल की शूटिंग पूरी कर ली है। इस फिल्म में अनुष्का क्रिकेट खेलती नजर आएंगी, जिसके लिए उन्होंने कड़ी ट्रेनिंग ली है। अनुष्का शर्मा ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक तस्वीर शेयर की है, जो बॉल की है। हालांकि, तस्वीर में बॉल जिसने पकड़ रखी है, उस शख्स का चेहरा नहीं दिखाया गया है। ऐसे में सिर्फ अंदाजा ही लगाया जा सकता है कि यह अनुष्का ही होंगी। इस बॉल पर लिखा है, 'पहला शेड्यूल खत्म हुआ।'

आपके शरीर में है एक जैविक घड़ी

■ कॉलेज स्टेशन (अमेरिका)।

■ यह घड़ी दिनभर की आपकी शारीरिक क्रियाओं को अगले दिन से समन्वित करती है

■ इसे अनुसंधानकर्ता 'मास्टर पेसमेकर' भी कहते हैं

विमान से लंबी यात्रा के बाद थकान महसूस करने (जेट लैग) या अपनी घड़ियों को आगे-पीछे करने वाले लोग उस जैविक घड़ी से अच्छी तरह से वाकिफ होंगे, जिसे अनुसंधानकर्ता 'मास्टर पेसमेकर' भी कहते हैं। यह जैविक घड़ी दिनभर की आपकी शारीरिक क्रियाओं को अगले दिन से समन्वित करती है।

श्वास एवं रक्तचाप जैसी अचेतन प्रणालियों को समन्वित करने वाले मस्तिष्क के केंद्र के पास हाइपोथैलेमस में स्थित जैविक घड़ी लगभग 20,000 न्यूरॉन (तंत्रिका तंत्र की कोशिकाएं) से बनी होती है। मनुष्य एकमात्र ऐसा प्राणी नहीं है, जिसके शरीर में जैविक घड़ी प्रणाली मौजूद होती है। सभी स्तनधारियों, पक्षियों, सरीसृपों, उभयचरों और मछलियों में जैविक घड़ी प्रणाली पाई जाती है। इसी तरह पौधे, कवक और बैक्टीरिया में भी जैविक घड़ियां होती हैं। इन जैविक घड़ियों के कारण ही बिल्लियां सुबह और शाम में सबसे अधिक सक्रिय होती हैं और दिन के निश्चित समय पर फूल खिलते हैं।

शरीर में मौजूद घड़ी स्वास्थ्य के लिए भी अहम है। यह घड़ी प्रकाश और भोजन जैसे पर्यावरणीय संकेतों के अनुसार प्रत्येक 24 घंटे के चक्र में आपके शरीर, मस्तिष्क एवं व्यवहार में आने वाले बदलावों को नियंत्रित करती है। जैविक घड़ी के कारण ही दिल का दौरा और मस्तिष्काघात (स्ट्रोक) ज्यादातर तड़के होता है। रात में काम करने जैसे बाहरी कारणों की वजह से आंतरिक घड़ी की लय में आए कई गंभीर बदलावों से मोटापे, टाइप-2 मधुमेह, कैंसर और हृदय संबंधी बीमारियों का जोखिम बढ़ जाता है।

जैविक घड़ी सोने-जगने के चक्र और शरीर के तापमान एवं रक्तचाप में होने वाले उतार-चढ़ाव को नियमित करके आपके स्वास्थ्य को प्रभावित करती है। यह मुख्य रूप से आपके अंतःस्रावी तंत्र को पर्यावरणीय प्रकाश और अंधेरे के चक्र के अनुसार समन्वित करके अपना काम करती है, ताकि दिन के निश्चित समय पर निश्चित मात्रा में कुछ हार्मोन सक्रिय हो जाएं। जैविक घड़ी चयापचय क्रिया को भी प्रभावित करती है।

जैविक घड़ी यह भी बता सकती है कि आपके लिए व्यायाम करने का सर्वश्रेष्ठ समय कब है। चूहों पर किए एक अध्ययन में पाया गया कि देर शाम के बजाय तड़के व्यायाम करने से खून में ग्लूकोज का स्तर तेजी से कम होता है, जबकि शाम को व्यायाम करने से भोजन से एकत्र की गई ऊर्जा का अधिक लाभ मिलता है।

अपर्याप्त नींद

दिल के दौरे की प्रमुख कारक

■ उचित नींद को अब आदर्श हृदय और मस्तिष्क स्वास्थ्य के लिए एक आवश्यक घटक माना अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन ने

न्यूयॉर्क (आईएएनएस)। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन (एएचए) के अनुसार उचित नींद को अब आदर्श हृदय और मस्तिष्क स्वास्थ्य के लिए एक आवश्यक घटक माना जाता है।

एसोसिएशन ने इस सप्ताह अपने कार्डियोवैस्कुलर स्वास्थ्य स्कोर में नींद की अवधि को जोड़ा - जिसे लाइफ एसेंशियल 8 के रूप में जाना जाता है जिसमें आहार, शारीरिक गतिविधि, निकोटीन एक्सपोजर, वजन, कोलेस्ट्रॉल, रक्त शर्करा और रक्त चाप शामिल हैं। हृदय रोग (सीवीडी) विश्व स्तर पर मृत्यु का प्रमुख कारण हैं।

2019 में सीवीडी से अनुमानित 17.9 मिलियन लोगों की मृत्यु हुई, जो सभी वैश्विक मौतों का 32 प्रतिशत है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, इन मौतों में से 85 प्रतिशत दिल का दौरा और स्ट्रोक के कारण हुई।

सीवीडी से होने वाली मौतों के तीन चौथाई से अधिक निम्न और मध्यम आय वाले देशों में होते हैं। पिछले दो दशकों में विभिन्न शोध अध्ययनों से संकेत मिलता है कि सभी कार्डियोवैस्कुलर घटनाओं में से 80 प्रतिशत से अधिक स्वस्थ जीवनशैली और ज्ञात कार्डियोवैस्कुलर जोखिम कारकों के प्रबंधन से रोका जा सकता है।

डोनाल्ड एम लॉयड जोन्स, अहा के अध्यक्ष ने कहा- 'नींद की अवधि की नई मीट्रिक नवीनतम शोध निष्कर्षों को दर्शाती है, नींद समग्र स्वास्थ्य को प्रभावित करती है और स्वस्थ नींद पैटर्न वाले लोग वजन, रक्त चाप या टाइप 2 मधुमेह के जोखिम जैसे स्वास्थ्य कारकों को अधिक प्रभावी ढंग से प्रबंधित करते हैं।'

लॉयड-जोन्स, जो नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी के फीनबर्ग स्कूल ऑफ मेडिसिन में हार्ट रिसर्च के प्रोफेसर भी हैं ने कहा, 'इसके अलावा, नींद को मापने के तरीकों में प्रगति, जैसे पहनने योग्य उपकरणों के साथ, अब लोगों को घर पर उनकी नींद की आदतों पर मजबूती से और नियमित रूप से निगरानी करने की क्षमता प्रदान करती है।'

लॉयड-जोन्स ने कहा, 'इष्टतम हृदय स्वास्थ्य का विचार महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह लोगों को जीवन के किसी भी चरण में काम करने के लिए सकारात्मक लक्ष्य देता है।'

लाइफ्स एसेंशियल 8 के प्रत्येक घटक, जिसका मूल्यांकन माई लाइफ चैक टूल द्वारा किया जाता है, में 0 से 100 अंकों तक की एक अद्यतन स्कोरिंग प्रणाली है। 0 से 100 अंक तक का समग्र हृदय स्वास्थ्य स्कोर 8 स्वास्थ्य उपायों में से प्रत्येक के स्कोर का औसत है।

50 से नीचे के समग्र स्कोर 'खराब' हृदय स्वास्थ्य को इंगित करते हैं, और 50-79 को 'मध्यम' हृदय स्वास्थ्य माना जाता है। सर्कुलेशन जर्नल में प्रकाशित एडवाइजरी के अनुसार, 80 और उससे अधिक अंक 'उच्च' हृदय स्वास्थ्य का संकेत देते हैं।

लॉयड-जोन्स ने कहा, 'लाइफ्स एसेंशियल 8 यह पहचानने की हमारी क्षमता में एक बड़ा कदम है कि कब कार्डियोवैस्कुलर स्वास्थ्य को संरक्षित किया जा सकता है और कब यह उप-इष्टतम है। इसे सभी लोगों के लिए और हर जीवन स्तर पर कार्डियोवैस्कुलर स्वास्थ्य में सुधार के प्रयासों को सक्रिय करना चाहिए।'

ईसाई, मुस्लिम सैनिकों के अनुरोध पर बना 'रण काली'

■ श्रीनगर (त्रिपुरा) (भाषा)।

■ यह मंदिर अब स्थानीय लोगों के लिए तीर्थस्थल बन गया है

सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने आधी सदी पहले दो जवानों एक ईसाई और एक बंगाली मुस्लिम के अनुरोध पर युद्ध स्मारक के तौर पर यहां सीमा चौकी (बीओपी) पर एक काली मंदिर का निर्माण किया था, जो अब स्थानीय लोगों के लिए एक तीर्थस्थल बन गया है।

चटगांव (पहले पूर्वी पाकिस्तान का हिस्सा रहे) की सीमा से लगते दक्षिणी त्रिपुरा में श्रीनगर, अमलीघाट, समरेंद्रगंज और नलुआ में बीएसएफ की चार सीमा चौकियों की उस समय कमान संभाल रहे मेजर पी के घोष ने बीएसएफ पत्रिका 'बॉर्डरमैन' में यह किस्सा साझा किया है। संपर्क करने पर मेजर घोष ने कहा कि श्रीनगर बीओपी सामरिक रूप से बहुत महत्वपूर्ण स्थान पर स्थित है और 1971 में पूर्वी बंगाल रेजीमेंट द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ विद्रोह किए जाने के बाद बीएसएफ ने यहां पहली मुक्तिवाहिनी (लिबरेशन आर्मी) बनाने में विद्रोहियों की मदद की थी।

बीएसएफ के सेवानिवृत्त कमांडर मेजर घोष ने कहा, 'श्रीनगर बीओपी में एमएमजी चौकी पाकिस्तानी सेना को रोकने में अहम भूमिका निभा रही थी। यह चटगांव-नोखाली इलाके के समीप अग्रिम निगरानी चौकी थी। इस इलाके में गोलीबारी कोई नयी बात नहीं थी लेकिन मुक्ति संग्राम के बढ़ने पर यह तेज हो गयी।' उन्होंने कहा कि चूंकि एमएमजी चौकी पाकिस्तानी सेना को काफी नुकसान पहुंचा रही थी तो यह दुश्मन के लिए सटीक निशाना बन गयी। घोष ने बताया, 'एक घंटे या उससे ज्यादा वक्त तक लगातार बमबारी हुई। उस दिन 10 मिनट में 100 गोले दागे गए। चौकी पर दस्ते के तीन सदस्य थे, जिसमें एक नेपाली ईसाई, बंगाली मुस्लिम कास्टेबल रहमान और कांस्टेबल बनबिहारी चक्रवर्ती थे। घटनास्थल पर हालात बहुत डरावने थे और मैंने उन्हें बंकर से बाहर नहीं निकलने को कहा।'

हालात बदतर होने पर चक्रवर्ती ने अन्य लोगों को देवी काली की पूजा करने को कहा। उन्होंने कहा, 'उन्होंने अपने धर्म की परवाह नहीं करते हुए पूजा की। समीप में एक तालाब, दलदली जमीन और एक रात पहले हुई भारी बारिश के कारण चौकी बच गई। बांस के एक पेड़ ने भी बंकर तक बम आने से रोक दिया।' जब बीएसएफ की एफ कंपनी ने घटनास्थल पर एक युद्ध स्मारक बनाने का फैसला किया तो ईसाई और मुस्लिम सैनिक ने इसके बजाय वहां काली मंदिर बनाने का अनुरोध किया।

लिवर सिरोसिस

जिंदगी के लिए खतरा

कानपुर (एसएनबी)। लिवर सिरोसिस एक दुखदाई और जानलेवा समस्या है। लापरवाही करने पर जीवन के लिए संकट उत्पन्न हो जाता है। डॉ. रविंद्र पोरवाल मुख्य चिकित्सक श्रीनाथ आयुर्वेद संस्थान भगवत दास घाट सिविल लाइंस कानपुर ने लिवर की इस जानलेवा बीमारी होने के मूल कारण और निवारण पर उपयोगी प्रकाश डाला है।

खानपान और जीवन शैली जिम्मेदार

वर्तमान समय में हमारी जीवन शैली विलासिता पूर्ण हो गई है। आधुनिक सुख-सुविधाओं ने शारीरिक श्रम को बिल्कुल खत्म कर दिया है। जंक फूड, फास्ट फूड, तले मसालेदार भोजन, शराब, पान मसाला आदि का दिखावा उच्च वर्ग का प्रतिनिधित्व करने लगे हैं। जब कोई व्यक्ति शराब और अन्य किसी नुकसानदाई नशा का आदी हो जाता है, विलासिता वाली जीवन शैली और अप्राकृतिक आहार का नियमित रूप से सेवन करता है तो लिवर पर बहुत बुरा असर होता है। लिवर प्रारंभिक स्थिति में फैटी हो जाता है।

डॉ. रविंद्र पोरवाल
आयुष मंत्रालय के बोर्ड सदस्य व विशेषज्ञ नेचुरोपैथ

नशा जहर है

शीतल पेय, चाय, कॉफी, पान मसाला, तंबाकू, बीड़ी-सिगरेट के साथ-साथ शराब का लती होना भी लिवर के लिए घातक होता है। जब व्यक्ति नियमित रूप से शराब का लती हो जाता है अथवा दिनभर चाय या कॉफी की चुस्कियां लेता है तो लिवर पर बुरा प्रभाव पड़ना स्वाभाविक हो जाता है। पान मसाला और तंबाकू का किसी भी रूप में सेवन केवल लिवर के लिए ही नहीं, संपूर्ण पाचन तंत्र तथा शरीर की इम्युनिटी के लिए अहितकारी माना जाता है।

मुख्य कारक यह हैं

लिवर की बीमारियों के लिए शराब, कोल्ड ड्रिंक, चाय, कॉफी, जंक फूड, फास्ट फूड, मधुमेह, अत्यधिक मोटापा और विभिन्न प्रकार की औषधियों के सेवन से होने वाले शारीरिक दुष्प्रभाव आदि मुख्य कारक हैं। इसके अलावा अनेक दूसरे भी कारण हैं। शारीरिक मेहनत बिल्कुल न करना, आलसी और निकम्मेपन की जीवन शैली लिवर पर बुरा असर डालती हैं।

विभिन्न अवस्थाएं

प्रारंभिक अवस्था में फैटी लिवर की स्थिति होती है, किंतु स्थिति न सुधरने पर स्टयाटोसिस, स्टयाटोहिपेटाइटिस, फाइब्रोसिस और अंत में लिवर सिरोसिस की अवस्था होती है, जिसे ई एस एल डी के नाम से भी जाना जाता है। इस स्थिति में पैथोलॉजीकल इन्वेस्टिगेशन में ए एस टी और जी जी टी का स्तर खतरनाक लेवल तक बढ़ जाता है।

सावधानियां बहुत जरूरी हैं

लिवर की बीमारियों के निदान के लिए सर्वप्रथम जीवन शैली और आहार पर नियंत्रण करना चाहिए। तले मसालेदार भोजन और जंक फूड के स्थान पर हरी सब्जियां, बिना तेल और मसाले के शुद्ध सात्विक आहार का सेवन प्राथमिकता से करना चाहिए। प्रातः उठकर 15 मिनट योगासन विशेषकर विमान आसन, अश्वचालनासन, भुजंगासन और हस्तोत्तानासन हितकारी हैं। कच्चा लहसुन, हरा आंवला, नींबू, सतरा, टमाटर और गाजर का भरपूर मात्रा में सेवन लिवर की सेहत को सुधारने में मददगार होता है।

यह भी ध्यान देना जरूरी है

समय पर सोकर जागना, शारीरिक स्वच्छता का ध्यान रखना, आसन, प्राणायाम, सूर्य नमस्कार और षट्कर्म को नियमित रूप से अपनाना, भोजन प्राकृतिक और सात्विक रखना आरोग्यता प्राप्ति का सशक्त मार्ग है और सप्ताह में 4 दिन भरपूर मेहनत करें, ताकि शरीर पसीने से भीग जाए।

जड़ी बूटी और घरेलू उपाय

ताजे गोमूत्र का मिट्टी के साथ पेस्ट बनाएं और पेट पर इस मिट्टी और गोमूत्र से बनी हुई मिट्टी की पट्टी 30 मिनट तक प्रातःकाल और 30 मिनट तक शाम 4-5 बजे पेट पर दोबारा रखें। यह लिवर की बीमारी को जड़ मूल से ठीक करने का अत्यंत प्रभावशाली नुस्खा है। एक बार इस्तेमाल की गई मिट्टी को फेंक दें। इसे दोबारा इस्तेमाल ना करें। आयुर्वेदिक जड़ी बूटियों में पुनर्नवा, आंवला और गिलोय लिवर की बीमारी को नियंत्रित करने में बहुत उपयोगी हैं। लिवर की समस्याओं से पीड़ित लोगों को भरपूर मात्रा में जल का सेवन करना चाहिए।

भारत के व्यंजन बेहद जी ललचाने वाले : डुकास

नई दिल्ली (भाषा)। फ्रांस के दिग्गज खानसामे एलेन डुकास ने भारतीय व्यंजनों को स्वादिष्ट, बेहतरीन सुगंध और बेहद जी ललचाने वाला बताया। मशहूर खानसामे और रेस्त्रां कारोबारी डुकास इंडियन स्कूल ऑफ हॉस्पिटैलिटी (आईएसएच), गुरुग्राम के साथ मिलकर अपने पहले इकोल डुकास का उद्घाटन करने के लिए हाल में भारत आए थे। इकोल डुकास आतिथ्य स्कूलों का एक नेटवर्क है, जिसकी स्थापना उन्होंने 1999 में की थी। डुकास ने देश की अपनी पहली यात्रा पर कहा, 'भारत ऐसा देश है जहां भोजन एक संस्कृति है, जो यहां पर मेरी दिलचस्पी की एक प्रमुख वजह है। मैं यहां आकर और यह जानकर बहुत खुश हूं कि यह कितना सच है। भारतीय व्यंजन खुशियां लाते हैं। यह काफी स्वादिष्ट, शानदार सुगंध वाले और बहुत जी ललचाने वाले होते हैं।' डुकास अपने पूरे करियर में 21 मिशलिन स्टार्स में शामिल रहे। यह होटल और रेस्त्रां की दुनिया में प्रतिष्ठित पुरस्कार है। डुकास तीन मिशलिन खिताब से नवाजे गये रेस्त्रां के मालिक भी हैं और यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले खानसामे हैं। फ्रांस में जन्मे डुकास ने कहा कि वह भारत द्वारा सब्जियों के इस्तेमाल से काफी प्रेरित हैं और उन्होंने पेरिस में अपने मशहूर 'स्पून' रेस्त्रां में से एक में इनका इस्तेमाल किया था।

कमल हासन की 'विक्रम' आधुनिक क्लासिक कल्ट : महेश बाबू

हैदराबाद (आईएएनएस)। टॉलीवुड सुपरस्टार कमल हासन की फिल्म 'विक्रम' की हर कोई तारीफ कर रहा है, फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी अच्छा काम किया है। अब इस फिल्म की सुपरस्टार महेश बाबू ने भी तारीफ की है। फिल्म की प्रशंसा करते हुए महेश बाबू ने कहा कि यह एक आधुनिक पंथ क्लासिक है। महेश ने शनिवार को सोशल मीडिया पर सिलसिलेवार ट्वीट कर निर्देशक लोकेश कनगराज से मिलने की इच्छा जताई। उन्होंने कहा, 'मैं 'विक्रम' की पूरी प्रक्रिया पर चर्चा करना चाहता हूं। यह फिल्म दिमाग झुकने वाली और सनसनीखेज है।' महेश ने कहा, 'अभिनय इससे बेहतर नहीं हो सकता।' महेश ने आगे कहा कि वह कमल हासन पर टिप्पणी करने के लिए अयोग्य हैं। उन्होंने कहा, 'मैं बस इतना ही कह सकता हूं, आपके सबसे बड़े प्रशंसक के रूप में, यह मेरे सबसे गौरवपूर्ण क्षणों में से एक था। सर और आपकी शानदार टीम को बधाई।' इसके सबके साथ ही महेश बाबू ने संगीत को लेकर अनिरुद्ध की भी तारीफ की है।'सरकारू वारी पाता' के अभिनेता ने कहा कि विजय सेतुपति और फहद फासिल का अभिनय शानदार था।

पश्चिमी सिनेमा से प्रभावित है बॉलीवुड : वरुण धवन

मुंबई (भाषा)। अभिनेता वरुण धवन का कहना है कि हिंदी सिनेमा में पारिवारिक फिल्मों की संख्या में बड़े पैमाने पर गिरावट आई है, क्योंकि बॉलीवुड पश्चिमी सिनेमा से काफी हद तक 'प्रभावित' है। 'मैं तेरा हीरो', 'दिशूम' और 'जुड़वा-दो' जैसी मनोरंजक फिल्मों में अभिनय कर चुके धवन ने कहा कि फिल्म उद्योग महामारी के दौरान एक और संक्रमण के दौर में है, जहां हर कोई उन फिल्मों के बारे में अनिश्चित है जो बॉक्स ऑफिस पर काम करेंगी। धवन ने कहा, 'हमने बड़े पैमाने पर, मसाला पारिवारिक मनोरंजन बनाना बंद कर दिया है क्योंकि हम पश्चिमी सिनेमा से बहुत अधिक प्रभावित हैं... शुरुआत में कोई नहीं जानता कि किस प्रकार की फिल्म काम करेगी। फिर भी हर सप्ताह हम ज्ञान देते हैं कि यह काम करता है, वह काम करता है।' अभिनेता ने अपनी आखिरी फिल्म 'स्ट्रीट डांसर थ्री' के दो साल बाद धर्मा प्रोडक्शंस की फिल्म 'जुगजुग जीयो' के साथ बड़े पर्दे पर वापसी की। करण जौहर द्वारा समर्थित और राज मेहता के निर्देशन में बनी कॉमेडी फिल्म ने 24 जून को रिलीज होने के बाद से घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 60 करोड़ रुपए और दुनिया भर में 100 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई की है। धवन ने कहा कि प्रोडक्शन हाउस और 'जुगजुग जीयो' के उनके सह-कलाकार अनिल कपूर और कियारा आडवाणी हमेशा पारिवारिक मनोरंजन से जुड़े रहे हैं क्योंकि वह भी इस शैली में विश्वास करते हैं। उन्होंने कहा, 'धर्मा पारिवारिक मनोरंजन में विश्वास करता है। करण जौहर इस शैली में विश्वास करते हैं और उन्होंने हमेशा किया है। मैं इस शैली में विश्वास करता हूं, मैंने हमेशा ऐसी फिल्म की हैं... मेरा करियर इसी पर आधारित है। अनिल कपूर और कियारा भी इसमें विश्वास करते हैं।' 'जुगजुग जीयो' के बाद 35 वर्षीय अभिनेता की दो फिल्म आने वाली हैं। इसमें फिल्म निर्माता अमर कौशिक की मॉन्स्टर कॉमेडी 'भेड़िया' और नितेश तिवारी की प्रेम कहानी 'बवाल' शामिल है।

जैकलीन ने 15 दिन तक किया रिहर्सल

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीस ने अपनी आने वाली फिल्म विक्रांत रोणा के गाना रकम्मा के लिये 15 दिन तक रिहर्सल किया। कन्नड़ सुपरस्टार किच्चा सुदीप जल्द ही अपनी पैन-इंडिया मेगा वेंचर फिल्म 'विक्रांत रोणा' लेकर आ रहे हैं। 'विक्रांत रोणा' से जैकलीन फर्नांडीस ने कन्नड़ सिनेमा में कदम रख दिया है। इसमें जैकलिन गेस्ट रोल में हैं, लेकिन फिल्म से उनका गाना रकम्मा... सुर्खियां बटोर रहा है। इस गाने में जैकलीन फर्नांडिस और किच्चा की केमस्ट्री फैंस को काफी पसंद आ रही है। अपने गाने को लेकर जैकलीन ने कहा, 'कलाकार के लिए उसका हर गाना दिल के करीब होता है। किक फिल्म में जुम्मे की रात है... गाने से लेकर अब तक आत्मविश्वास बढ़ा है। फिल्म विक्रांत रोणा में मेरा किरदार निडर है, उसके मुताबिक सोचकर ही मैंने फिल्म में डांस किया है। डांस स्टेप्स मुश्किल थे, जिसके लिए 15 दिन रिहर्सल किया था। इस फिल्म के गाने की शूटिंग कोरोना की दूसरी लहर के बाद की गई थी। सेट पर सुरक्षा का पूरा खयाल रखा गया था। शूटिंग शुरू होने से लेकर पैकअप होने तक हर किसी के चेहरे पर एक मुस्कान होती थी।'

ऐश्वर्या की पोन्नियन सेलवन पार्ट 1 का टीजर रिलीज



मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री ऐश्वर्या राय की आने वाली फिल्म 'पोन्नियन सेलवन पार्ट 1' का टीजर रिलीज हो गया है। दक्षिण भारतीय फिल्मकार मणिरत्नम इन दिनों फिल्म 'पोन्नियन सेलवन पार्ट 1' बना रहे हैं। इस फिल्म से ऐश्वर्या राय लंबे अरसे के बाद वापसी कर रही हैं। चर्चा है कि इस फिल्म में ऐश्वर्या डबल रोल में नजर आएंगी। वह रानी नंदिनी और उनकी मां मंदाकिनी देवी दोनों के किरदार निभाएंगी। मेकर्स ने इस फिल्म का फर्स्ट टीजर रिलीज किया है। टीजर में कुछ योद्धा किले की चोटी पर चोल राजवंश का परचम लहराते नजर आ रहे हैं। 500 करोड़ रुपए के मेगा बजट में बनी यह फिल्म दो पार्ट में रिलीज होगी। इसका पहला पार्ट 30 सितंबर को पांच भाषाओं (तमिल, हिंदी, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़) में रिलीज होगा। फिल्म में ऐश्वर्या के अलावा विक्रम, कर्थी, जयम रवि, तृषा कृष्णन, शोभिता धूलिपाला और प्रकाश राज जैसे कलाकार भी होंगे। यह फिल्म लेखक कल्कि कृष्णमूर्ति के 1955 में लिखे गए उपन्यास 'पोन्नियन सेल्वन' पर आधारित है। फिल्म की कहानी 10वीं सदी के इर्द-गिर्द बुनी गई है। यह फिल्म चोल साम्राज्य के शक्ति संघर्ष की कहानी बयां करेगी। इसमें कावेरी नदी के बेटे पोन्नियन सेल्वन के भारतीय इतिहास के सबसे महान शासकों में से एक राजराजा चोल बनने की कहानी को दिखाया गया है।

संक्षिप्त खबरें

डी बियर्स को उम्मीद

मुंबई। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में मजबूत प्रदर्शन और उपभोक्ताओं की सकारात्मक धारणा के बूते हीरा कारोबार से जुड़ी कंपनी डी बियर्स इंडिया को चालू वित्त वर्ष में भी कारोबार 2021 की तरह अच्छा रहने की उम्मीद है। कंपनी ने 2021 को कारोबार के लिए सर्वश्रेष्ठ वर्ष बताया था। डी बियर्स इंडिया के प्रबंध निदेशक सचिन जैन ने मुंबई में अपने सालाना फोरम में कहा, 'हीरा कारोबार के लिए वर्ष 2021 खनन से लेकर विनिर्माण और व्यापार से लेकर खुदरा के लिहाज से सर्वश्रेष्ठ वर्ष रहा है।' जैन ने कहा कि इस साल के पहले छह महीने मजबूत रहे हैं, सकारात्मक उपभोक्ता धारणा बनी हुई है और कंपनी को उम्मीद है कि इस वर्ष भी कारोबार बढ़िया रहेगा।

एफटीए वार्ता सितम्बर में

नई दिल्ली। भारत और यूरोपीय संघ ने प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए पहले दौर की वार्ता शुक्रवार को पूरी की और अगले दौर की वार्ता सितम्बर में ब्रसेल्स में होगी। वाणिज्य मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। इस समझौते का मकसद दोनों पक्षों के बीच आर्थिक संबंधों को मजबूत करना है। भारत और यूरोपीय संघ ने व्यापार, निवेश और भौगोलिक संकेतों (जीआई) के प्रस्तावित समझौतों पर आठ साल के बाद 17 जून को बातचीत फिर से शुरू की थी। अधिकारी ने बताया कि पहले दौर की वार्ता 27 जून को शुरू हुई थी और एक जुलाई को पूरी हुई।

टाइमेक्स नए उत्पाद लाएगी

नई दिल्ली। टाइमेक्स ग्रुप इंडिया जल्द ही भारत में एडिडास ओरिजिनल की घड़ियां और जर्मनी के लक्जरी फैशन ब्रांड फिलिप प्लीन के उत्पाद पेश करेगी। कंपनी की नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट में कहा गया, 'कंपनी जल्द ही एडिडास ओरिजिनल की घड़ियों का संग्रह पेश करेगी। नई श्रृंखला को टाइमेक्स समूह की घड़ी निर्माण तथा डिजाइन दक्षता के साथ शामिल होगी।' कंपनी ने साथ ही कहा कि वह फिलिप प्लीन के उत्पादों की पेशकश भी करेगी। टाइमेक्स समूह इंडिया ने पिछले साल एडिडास के साथ वैश्विक लाइसेंस समझौता करने की घोषणा की थी।

उत्पादन में बढ़ोतरी

नई दिल्ली। वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक का 2022-23 की पहली तिमाही में खनन से धातु उत्पादन 14 फीसद बढ़कर 2,52,000 टन हो गया। हिंदुस्तान जिंक ने एक बयान में कहा कि खनन से धातु उत्पादन बढ़ने के पीछे वजह सिंदेसर खुर्द, रामपुरा अगुचा और कायद खानों में अयस्क का अधिक उत्पादन है। कंपनी ने कहा कि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में खनन धातु उत्पादन 2,21,000 टन था। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में परिष्कृत धातु उत्पादन 260,000 टन रहा, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में दस फीसद अधिक है।(एजेंसियां)

बंद हुए बैंकों के जमाकर्ताओं को मिलेंगे पांच-पांच लाख रुपए

■ महाराष्ट्र में हाल ही में बंद हो गए थे दो सहकारी बैंक ■ बैंक जमा बीमा योजना के तहत मिलेगी यह धनराशि

मुंबई (भाषा)।

जमा बीमा एवं ऋण गारंटी निगम (डीआईसीजीसी) दो सहकारी बैंकों शंकरराव पुजारी नूतन सहकारी बैंक, इचलकरंजी और हरिहरेश्वर सहकारी बैंक, के पात्र जमाकर्ताओं को अगले महीने भुगतान करेगा।

डीआईसीजीसी, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी है, जो बैंक जमा पर पांच लाख रुपए तक का बीमा कवर देती है। महाराष्ट्र स्थित दोनों बैंकों के जमाकर्ताओं को उनके द्वारा बताए गए वैकल्पिक बैंक खाते में यह राशि स्थानांतरित की जाएगी।

डीआईसीजीसी के एक परिपत्र के अनुसार, शंकरराव पुजारी नूतन सहकारी बैंक के पात्र जमाकर्ताओं को 10 अगस्त को और हरिहरेश्वर सहकारी बैंक के जमाकर्ताओं को 28 अगस्त को भुगतान किया जाएगा।

रिजर्व बैंक ने मई में इन दोनों बैंकों की बिगड़ती वित्तीय स्थिति के मद्देनजर जमाकर्ताओं द्वारा धन निकालने सहित कई प्रतिबंध लगाए थे।

शंकरराव पुजारी नूतन सहकारी बैंक के 99.84 फीसद जमाकर्ता पूरी तरह से डीआईसीजीसी बीमा योजना के दायरे में है, जबकि हरिहरेश्वर सहकारी बैंक के मामले में यह आंकड़ा 99.59 प्रतिशत के करीब बताया जा रहा है।

प. बंगाल में रेरा न लागू होने पर चिंता

नई दिल्ली (भाषा)।

घर खरीदारों के शीर्ष निकाय फोरम फार पीपल्स कलेक्टिक एफर्ट्स (एफपीसीई) ने पश्चिम बंगाल में रियल एस्टेट कानून रेरा को अबतक लागू नहीं किए जाने पर चिंता जताई है।

बिल्डर द्वारा धोखाधड़ी का शिकार होने पर घर खरीदार रेरा के पास अपनी शिकायत दर्ज कर सकते है। एफपीसीई का कहना है कि प. बंगाल में घर खरीदारों के पास अपनी शिकायत के लिए कोई नियामकीय प्राधिकरण नही है। पिछले साल मई में उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल आवास उद्योग नियामकीय कानून को रद्द करते हुए इसे 'असंवैधानिक' करार दिया था। प. बंगाल ने रेरा के स्थान पर यह कानून बनाया था।

एनपीपीए ने 84 दवाओं के खुदरा दाम तय किए

■ पैरासिटामाल व कैफीन की अधिकतम कीमत 2.88 रुपए तय की गई

■ रोसुवास्टेटिन एस्पिरिन और क्लोपिडोग्रेल कैप्सूल की कीमत 13.91 रुपए तय की गई

नई दिल्ली (भाषा)।

दवाओं की कीमत तय करने संबंधी नियामक एनपीपीए ने मधुमेह, सिरदर्द और उच्च रक्तचाप के इलाज में इस्तेमाल होने वाली 84 दवाओं के लिए अधिकतम खुदरा कीमतें तय की है।

राष्ट्रीय दवा मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) ने बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड्स के स्तर को कम करने के लिए फार्मूलेशन की कीमतें भी तय की है। नियामक ने एक अधिसूचना में कहा कि दवा (मूल्य नियंत्रण) आदेश, 2013 द्वारा मिली शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए एनपीपीए ने दवाओं की अधिकतम खुदरा कीमतें तय कर दी हैं। यह कीमतें तय किए जाने के बाद अब यह दवाएं सरकार द्वारा तय मूल्य से ज्यादा दाम पर नहीं बेची जा सकेंगी। आदेश के अनुसार, वोग्लिबोस और (एसआर) मेटफॉर्मिन हाइड्रोक्लोराइड की एक टैबलेट की कीमत जीएसटी को छोड़कर 10.47 रुपए होगी। इसी तरह पैरासिटामाल और कैफीन की कीमत 2.88 रुपए प्रति टैबलेट तय की गई है।

इसके अलावा एक रोसुवास्टेटिन एस्पिरिन और क्लोपिडोग्रेल कैप्सूल की कीमत 13.91 रुपए तय की गई है।

एक अलग अधिसूचना में एनपीपीए ने कहा कि उसने तरल चिकित्सा आक्सीजन और आक्सीजन इनहेलेशन (औषधीय गैस) की संशोधित अधिकतम कीमत को इस साल 30 सितम्बर तक बढ़ा दिया है।

वाणिज्य मंत्रालय सितम्बर से पहले नई विदेश व्यापार नीति लाने की तैयारी में

नई दिल्ली (भाषा)।

वाणिज्य मंत्रालय नई पांच साल की विदेश व्यापार नीति (एफटीपी) इस साल सितम्बर से पहले लाने की तैयारी कर रहा है। प्रत्येक जिले को निर्यात केंद्र में बदलने की योजना भी दस्तावेज का हिस्सा होगी। एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि एफटीपी का उद्देश्य निर्यात प्रोत्साहन और रोजगार सृजन रहेगा।

वाणिज्य मंत्रालय के तहत आने वाला विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) यह नीति तैयार कर रहा है। वह जल्द योजना के लिए कोष के आवंटन को इस प्रस्ताव को वित्त मंत्रालय के पास भेजेगा। अधिकारी ने बताया कि इस योजना के तहत शुरुआत में 50 ऐसे जिलों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा जिनके उत्पादों को आगे बढ़ाया जा सकता और जिनके निर्यात की व्यापक संभावनाएं है। डीजीएफटी प्रतिस्पर्धा के जरिए इन जिलों का चयन करता है। अधिकारी ने बताया कि जो राज्य और जिले इस योजना के तहत वित्तीय प्रोत्साहन पाना चाहते है उन्हें इसके लिए प्रतिस्पर्धी करनी होती है। देश में कुल 750 जिले है। अधिकारी ने कहा, "यह राज्यों और जिलों के बीच एक प्रकार की प्रतिस्पर्धा होगी। हम इसके लिए विस्तृत दिशानिर्देश लेकर आएंगे।

मई में फेसबुक ने की 1.75 करोड़ सामग्रियों पर कार्रवाई

■ 13 उल्लंघन श्रेणियों में की गई है यह कार्रवाई

नई दिल्ली (भाषा)।

मेटा के स्वामित्व वाले सोशल मीडिया मंच फेसबुक ने अपनी हालिया मासिक रिपोर्ट में बताया है कि मई महीने के दौरान भारत में 13 उल्लंघन श्रेणियों के तहत उसने करीब 1.75 करोड़ सामग्रियों (कंटेंट) के खिलाफ कार्रवाई की है।

इसमें बताया गया कि जिन सामग्री के खिलाफ कार्रवाई की गई वे प्रताड़ित करने, दबाव बनाने, हिंसा या ग्राफिक सामग्री, वयस्क नग्नता एवं यौन गतिविधियां, बच्चों को खतरे में डालने, खतरनाक संगठनों और व्यक्तियों तथा स्पैम जैसी श्रेणियों में आती थीं। भारत के परिप्रेक्ष्य में मासिक रिपोर्ट में कहा गया कि फेसबुक ने एक मई से 31 मई, 2022 के बीच विभिन्न श्रेणियों के तहत 1.75 करोड़ सामग्रियों के खिलाफ कार्रवाई की है, वही मेटा के अन्य मंच इंस्टाग्राम ने समान अवधि के दौरान 12 श्रेणियों में करीब 41 लाख सामग्रियों के खिलाफ कार्रवाई की। मेटा की इस रिपोर्ट में कहा गया, 'कार्रवाई करने का मतलब है फेसबुक या इंस्टाग्राम से कोई सामग्री हटाना या ऐसी तस्वीरों और वीडियो को कवर करना और उनके साथ चेतावनी जोड़ना है जो कुछ लोगों को परेशान करने वाले लग सकते है।

पिछले वर्ष मई माह में प्रभाव में आए नए सूचना प्रौद्योगिकी नियमों के तहत 50 लाख से अधिक उपयोगकर्ताओं वाले बड़े डिजिटल मंचों को हर महीने अनुपालन रिपोर्ट प्रकाशित करना होती है जिनमें प्राप्त शिकायतों और की गई कार्रवाई की जानकारी हो। इसमें ऐसी सामग्री की भी जानकारी होती है जिसे हटाया गया या पहले से सक्रियता बरतते हुए जिसे रोका गया हो। ट्विटर इंडिया की पारदर्शिता रिपोर्ट जून, 2022 में बताया गया कि देश में 26 अप्रैल, 2022 से 25 मई, 2022 के बीच उसे 1,500 से अधिक शिकायतें मिलीं।

बैंकों में ₹100 करोड़ से अधिक राशि के धोखाधड़ी के केस घटे

नई दिल्ली (भाषा)।

बैंकिंग क्षेत्र में 100 करोड़ रुपए से अधिक के धोखाधड़ी के मामलों में उल्लेखनीय कमी आई है। 2021-22 में ऐसे मामलों में फंसी राशि 41,000 करोड़ रुपए रही, जो इससे पिछले वित्त वर्ष में 1.05 लाख करोड़ रुपए थी।

आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। इसमें बताया गया कि निजी और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में 2021-22 में धोखाधड़ी के मामले घटकर 118 रह गए जो 2020-21 में 265 थे। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में 100 करोड़ रुपए से अधिक गबन राशि के मामलों की संख्या 167 से घटकर 80 रह गई जबकि निजी क्षेत्र के बैंकों में ऐसे मामले 98 से घटकर 38 रह गए। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के संबंध में धोखाधड़ी के मामलों में फंसी राशि घटकर 28,000 करोड़ रह गई जो 2020-21 में 65,900 करोड़ रुपए थी। निजी क्षेत्र के बैंकों के लिए यह राशि 39,900 करोड़ रुपए से घटकर 13,000 करोड़ रुपए पर आ गई। इस साल की शुरुआत में भारतीय स्टेट बैंक में 22,842 करोड़ रुपए की सबसे बड़ी बैंक धोखाधड़ी हुई, जिसे एबीजी शिपयार्ड एवं उसके प्रवर्तकों ने अंजाम दिया।

यह राशि नीरव मोदी द्वारा पीएनबी के साथ की गई 14,000 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी से भी अधिक है। पिछले महीने जांच एजेंसी केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दीवान हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के पूर्व चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक तथा निदेशक धीरज वधावन और अन्य के खिलाफ 34,615 करोड़ रुपए की बैंक धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया था।

जून में पेट्रोल की बिक्री 29% बढ़कर 28 लाख टन पर

नई दिल्ली (भाषा)।

आर्थिक गतिविधियां तेज होने, गर्मियों की छुट्टियों में लोगों के यात्राएं करने तथा फसल बुवाई शुरू हो जाने से जून में भारत में पेट्रोल और डीजल की बिक्री बढ़ गई है।

उद्योग के शुरुआती आंकड़ों में बताया है कि बुवाई का मौसम शुरू होने से डीजल की मांग दो अंक में बढ़ी है। इस ईंधन की बिक्री सालाना आधार पर 35.2 प्रतिशत बढ़कर जून में 73.8 लाख टन पर पहुंच गई। यह जून, 2019 की तुलना में 10.5 प्रतिशत और जून, 2020 के मुकाबले 33.3 फीसद अधिक है। डीजल की बिक्री इस साल मई की तुलना में जून में 11.5 प्रतिशत अधिक रही। उस समय 67 लाख टन डीजल बिका था। उद्योग के सूत्रों ने डीजल की मांग में वृद्धि के बारे में कहा कि कृषि और परिवहन क्षेत्रों में अधिक खपत इसकी वजह है।

ईंधन विक्रेताओं द्वारा पेट्रोल की बिक्री जून में 28 लाख टन रही जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 29 प्रतिशत अधिक है। जून, 2020 की तुलना में पेट्रोल की खपत 36.7 फीसदी और जून, 2019 की तुलना में 16.5 प्रतिशत अधिक रही है।

रोक के आदेश के बाद 16 लाख टन गेहूं के निर्यात की अनुमति

■ रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण कई देशों में गेहूं आपूर्ति हो रही है प्रभावित

नई दिल्ली (भाषा)।

वाणिज्य मंत्रालय के तहत आने वाले विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने निर्यात पर रोक के 13 मई के आदेश के बाद 16 लाख टन गेहूं के निर्यात के लिए पंजीकरण प्रमाणपत्र जारी किए है। एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि जिन निर्यातकों के पास रोक के आदेश से पहले की तारीख के वैध साख पत्र थे, उन्हें गेहूं के निर्यात की अनुमति दी गई है। सरकार उन निर्यातकों को गेहूं निर्यात की अनुमति दे रही है जिनके पास 13 मई से पहले के अपरिवर्तनीय साख पत्र (एल/सी) हैं।

रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से वैश्विक बाजारों में गेहूं की आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित हुई है। इसकी वजह से भारत को विभिन्न देशों को गेहूं निर्यात बढ़ाना पड़ा है। यूस और यूक्रेन गेहूं के बड़े उत्पादकों में है। वैश्विक स्तर पर गेहूं की आपूर्ति में रूस-यूक्रेन का हिस्सा करीब 25 प्रतिशत का है। ऐसे

निर्यातक जिनके पास वैध एल/सी है उन्हें अपनी खेप के निर्यात के लिए अनुबंध पंजीकरण (आरसी) हासिल करने के लिए डीजीएफटी के क्षेत्रीय अधिकारियों के पास पंजीकरण कराना होता है।

अधिकारी ने बताया कि अब तक करीब 16 लाख टन गेहूं निर्यात के लिए आरसी जारी किया गया है। अधिकारी ने कहा कि रूस ने तुर्की के रास्ते गेहूं का निर्यात शुरू कर दिया है। इससे वैश्विक बाजारों में इसकी कीमतों में स्थिरता आने की उम्मीद है। वित्त वर्ष 2021-22 में मूल्य के हिसाब से भारत का गेहूं निर्यात 2.05 अरब डालर का रहा था। बीते वित्त वर्ष में भारत के कुल निर्यात में बांग्लादेश की हिस्सेदारी करीब 50 प्रतिशत थी। बीते वित्त वर्ष में भारत से गेहूं खरीदने वाले शीर्ष 10 देशों में बांग्लादेश, नेपाल, संयुक्त अरब अमीरात, श्रीलंका, यमन, अफगानिस्तान, कतर, इंडोनेशिया, ओमान और मलयेशिया शामिल है।

कारपोरेटनामा

पीएनसी इन्फ्राटेक को एक्सीलेंस अवार्ड

नई दिल्ली (वि.)। भारत सरकार के सड़क एवं परिवहन मंत्रालय ने पीएनसी इन्फ्राटेक लिमिटेड के द्वारा दिल्ली-वडोदरा एक्सप्रेस वे प्रोजेक्ट पर लगातार 100 घण्टे कार्य करके 50 किमी. लम्बाई की सड़क पर 'डेन्स बिटुमिन मैकाडम' कार्य करने का वर्ल्ड रिकार्ड बनाए जाने पर एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया है। आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत आयोजित कार्यक्रम में यह अवार्ड लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला ने केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी जनरल (डा.) वी.के. सिंह (रिटायर्ड) तथा भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में पीएनसी इन्फ्राटेक के प्रबन्ध निदेशक योगेश कुमार जैन को प्रदान कर सम्मनित किया।

एलआईसी के अंतर्निहित मूल्य की गणना जारी

नई दिल्ली (वि.)। भारतीय जीवन बीमा लिमिटेड (एलआईसी) ने कहा कि उसके 'अंतर्निहित मूल्य' के गणना की कवायद अभी जारी है और संभवतः 15 जुलाई तक इसका ऐलान कर दिया जाएगा। इससे पहले इस कार्य को पूरा करने के लिए तून तक का समय दिया गया था। 'अंतर्निहित मूल्य' किसी जीवन बीमा कंपनी में शेयरधारकों के हित का समेकित मूल्य आंकने का तरीका है। यह कारोबार को आवंटित परिसंपत्ति से वितरणयोग्य आय में शेयरधारकों के हित का मूल्य दर्शाता है।अंतरराष्ट्रीय मूल्यांकनकर्ता कंपनी मिलिमैन एडवाइजर्स ने 30 सितम्बर, 2021 तक एलआईसी का अंतर्निहित मूल्य करीब 5.4 लाख करोड़ रुपए आंका था।

ई अश्व का इलेक्ट्रिक आटो लांच

नई दिल्ली (वि.)। देश में अग्रणी और सबसे तेजी से बढ़ते इलेक्ट्रिक वाहन निर्माण ब्रांडों में से एक, ई-अश्व ऑटोमोटिव के लांच के साथ इलेक्ट्रिक ऑटो सेगमेंट में प्रवेश करने की घोषणा की है। जिसकी कीमत 1,65,000/- (एक्स-दिल्ली शोरूम) इसका उद्देश्य लास्ट माइल मोबिलिटी को न केवल सुविधाजनक बनाना है, बल्कि वहनीय और पर्यावरण के अनुकूल भी बनाना है। ई-ऑटो के लांच के साथ, ई-अश्व का लक्ष्य अपनी उपस्थिति को मजबूत करने के लिए अपने इलेक्ट्रिक 3-व्हीलर सेगमेंट का विस्तार करना है। यह जानकारी कंपनी के संस्थापक एवं सीईओ विकास गुप्ता ने दी।

फैशन प्रदर्शनी का आयोजन

नई दिल्ली (वि.)। ह्वाई लाइफ एक्जीबिशन ने राजधानी के होटल अशोक में फैशन प्रदर्शनी का आयोजन एक व दो जुलाई को किया जिसमें 250 प्रमुख डिजाइनर्स और लाइफस्टाइल ब्रांड के परिधानों को प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी में एथिनिक वियर एवं ज्वेलरी समेत कई अन्य लाइफस्टाइल ब्रांड पेश किए गए। इस प्रदर्शनी में बड़ी संख्या में खरीदारों ने भ्रमण कर विभिन्न डिजाइनर्स और लाइफस्टाइल ब्रांड के उत्पादों को परखा।

माधव को ओआईएल के चेयरमैन का प्रभार

नई दिल्ली (भाषा)। आयल इंडिया लिमिटेड (ओआईएल) के निदेशक (वित्त) हरीश माधव ने कंपनी के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक के रूप में अतिरिक्त प्रभार संभाला है। ओआईएल देश में सार्वजनिक क्षेत्र की दूसरी सबसे बड़ी तेल उत्खनन और उत्पादन (ईएंडपी) कंपनी है। ओआईएल ने एक बयान में कहा कि माधव को 30 जून को सुशील चंद्र मिश्रा की सेवानिवृत्ति के बाद अतिरिक्त प्रभार दिया गया था।

लैंडिंगकार्ट ने 75 करोड़ का कर्ज जुटाया

नई दिल्ली (भाषा)। फिनटेक कंपनी लैंडिंगकार्ट ने कहा कि उसने जीएमओ एलएलसी और ट्रायडोस इनवेस्टमेंट से 75 करोड़ रुपए का कर्ज जुटाया है। एक बयान के अनुसार कंपनी सभी राज्यों में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को कर्ज देने के लिए इस राशि का इस्तेमाल करेगी। बयान में कहा गया, 'लैंडिंगकार्ट ने कुल 75 करोड़ रुपए का कर्ज जुटाया है, जिसमें से 25 करोड़ रुपए जीएमओ एलएलसी से और 50 करोड़ रुपए ट्रायडोस इनवेस्टमेंट मैनेजमेंट से जुटाए गए। लैंडिंगकार्ट के सीईओ और संस्थापक हर्षवर्धन लूनिया ने कहा कि इस धनराशि का इस्तेमाल एमएसएमई ग्राहकों को कर्ज देने के लिए किया जाएगा।

इंडियन बैंक का हरियाणा सरकार से करार

चेन्नई (भाषा)। सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन बैंक ने हरियाणा सरकार के साथ ईन्यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस सिस्टम के जरिए उपभोक्ताओं को मोबाइल फोन के वितरण के लिए एक समझौता किया है। बैंक ने शनिवार को यह जानकारी दी। समझौते के अनुसार बैंक लाभार्थियों को ईन्यूपीआई कूपन देगा। बैंक ने यहां एक बयान में कहा कि कूपन को बिना किसी क्रेडिट कार्ड या डेबिट कार्ड के भुनाया जा सकता है, जिससे ग्राहक एक खास विक्रेता से मोबाइल फोन पा सकते है।

अप्रत्याशित लाभ कर के जरिए नुकसान की भरपाई करेगी सरकार

■ पेट्रोल-डीजल पर उत्पाद शुल्क कटौती किए जाने से सरकार को हो रहा है नुकसान

नई दिल्ली (भाषा)। भारत में उत्पादित तेल और विदेशों में निर्यात किए जाने वाले ईंधन पर 'अप्रत्याशित लाभ कर' से सरकार के उस तीन-चौथाई नुकसान की भरपाई हो जाएगी, जो उसे पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में कटौती की वजह से उठाना पड़ रहा है। पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क कटौती से सरकार को सालाना एक लाख करोड़ रुपए के राजस्व नुकसान का अनुमान है। उद्योग सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी।

भारत एक जुलाई से वैश्विक स्तर पर उन चुनिंदा देशों में शामिल हो गया है, जिन्होंने ऊर्जा की बढ़ती कीमतों से पेट्रोलियम कंपनियों को होने वाले अप्रत्याशित लाभ पर कर लगाया है। सरकार ने एक जुलाई से पेट्रोल और विमान ईंधन (एटीएफ) के निर्यात पर छह रुपए प्रति लीटर और डीजल के निर्यात पर 13 रुपए प्रति लीटर का कर लगाया है।

इस मामले की जानकारी रखने वाले दो सूत्रों ने कहा कि वित्त वर्ष 2021-22 में 2.97 करोड़ टन के तेल उत्पादन के आधार पर गणना की जाए, तो सरकार को सिर्फ आयल एंड नैचुरल गैस कारपोरेशन (ओएनजीसी), आयल इंडिया लिमिटेड और वेदांता लिमिटेड जैसे कच्चे तेल उत्पादकों पर कर से ही सालाना 69,000 करोड़ रुपए मिलेंगे। यदि यह कर 31 मार्च, 2023 तक लागू रहता है, तो चालू वित्त वर्ष के शेष नौ महीनों में सरकार को अप्रत्याशित लाभ कर से 52,000 करोड़ रुपये की कमाई होगी। इसके अलावा, पेट्रोल, डीजल और एटीएफ के निर्यात पर नया कर लगाया गया है, जिससे सरकार को अतिरिक्त राजस्व मिलेगा।

लॉस एंजिलिसः पारूल ने 3000 मीटर में बनाया राष्ट्रीय रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय धाविका पारूल चौधरी ने लॉस एंजिलिस में साउंड रनिंग मीट के दौरान राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया और महिला 3000 मीटर स्पर्धा में नौ मिनट से कम समय लेने वाली देश की पहली एथलीट बनी। पारूल ने शनिवार रात आठ मिनट 57.19 सेकेंड के समय के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। स्टीपलचेज की विशेषज्ञ पारूल ने छह साल पहले नई दिल्ली में सूर्या लोंगनाथन के नौ मिनट 4.5 सेकेंड के रिकॉर्ड को तोड़ा।

रेस में पारूल पांचवें स्थान पर चल रही थी लेकिन अंतिम दो लैप में जोरदार प्रदर्शन करते हुए पोडियम पर जगह बनाने में सफल रही। तीन हजार मीटर गैर ओलंपिक स्पर्धा है जिसमें भारतीय खिलाड़ी ज्यादातर प्रतिस्पर्धा पेश नहीं करते। पारूल को इस महीने अमेरिका के ओरेगन में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में भी जगह दी गई है। वह महिला 3000 मीटर स्टीपलचेज में चुनौती पेश करेंगी। उन्होंने पिछले महीने चेन्नई में राष्ट्रीय चैंपियनशिप में महिला 3000 मीटर स्टीपलचेज का खिताब जीता था।

- नौ मिनट से कम समय लेने वाली देश की पहली एथलीट
- आठ मिनट 57.19 सेकेंड के समय के साथ तीसरा स्थान हासिल किया
- तीन हजार मीटर गैर ओलंपिक स्पर्धा है जिसमें भारतीय खिलाड़ी प्रतिस्पर्धा पेश नहीं करते

आईएयू 24 एच : भारतीय पुरुषों ने स्वर्ण, महिलाओं ने जीता रजत

पुरुष टीम 739.959 किमी की दूरी तय कर रहे शीर्ष

बेंगलुरु। भारत के अल्ट्रा धावकों ने आईएयू 24 एच (चौबीस घंटे) एशिया एवं ओसियाना चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए यहां कांतीर्वा स्टेडियम में पुरुष व्यक्तिगत और टीम खिताब जीते। अमर सिंह देवांडा की अगुआई में भारतीय पुरुष टीम ने शनिवार सुबह आठ बजे से 24 घंटे में मिलकर 739.959 किमी की दूरी तय करके आसानी से स्वर्ण पदक जीता। अमर सिंह ने निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 258.418 किमी की दूरी तय की जो उनके पिछले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से 18 किमी से भी अधिक ज्यादा है। उनके बाद सौरव कुमार रंजन (242.564 किमी) और गीनो एंटोनी (238.977 किमी) का नंबर आता है। इन तीनों के प्रदर्शन से भारत ने व्यक्तिगत वर्ग में पदकों का क्लीनस्वीप किया। टीम वर्ग में आस्ट्रेलिया (628.405 किमी) दूसरे जबकि चीनी ताइपे (563.591 किमी) तीसरे स्थान पर रहा।

महिला टीम ने 570.70 किमी तय की दूरी

रविवार को भारतीय महिला टीम ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया। भारतीय टीम ने 570.70 किमी की दूरी तय की और इस दौरान शीर्ष पर रहे आस्ट्रेलिया (607.63 किमी) को कड़ी टक्कर दी। चीनी ताइपे की महिला टीम ने 529.082 किमी के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।

खबर संक्षेप

रोहित पृथकवास से बाहर निकले

बर्मिंघम। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा कोविड-19 जांच में नेगेटिव आने के बाद पृथकवास से बाहर निकल गए हैं और सात जुलाई से शुरु होने वाली टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए उपलब्ध रहेंगे। लीसेस्टरशर के खिलाफ अभ्यास मैच के दूसरे दिन कोरोना वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि होने के बाद 35 साल के रोहित इंग्लैंड के खिलाफ पिछले साल की श्रृंखला के बचे हुए पांचवें टेस्ट मैच का हिस्सा नहीं है।

विंबलडनः सानिया-पाविच की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में

विंबलडन। सानिया मिर्जा और मैट पाविच की भारत और क्रोएशिया के खिलाड़ियों की जोड़ी रविवार को विंबलडन के मिश्रित युगल वर्ग के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। सानिया और पाविच की छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी को दूसरे दौर के मैच में इवान डोडिग और लतीशा चान की जोड़ी से वॉकओवर मिला। सानिया और पाविच ने शुरुआती दौर में स्पेन के डेविड वेगा हर्नांडेज और जॉर्जिया की नतेला जालामिड्ज की जोड़ी को 6-4, 3-6, 7-6 से हराया था।

भारतीय फुटबॉल टीम के सहायक कोच की छुट्टी

नई दिल्ली। भारतीय फुटबॉल महिला अंडर-17 टीम के सहायक कोच एलेक्स एम्ब्रोस को यौन उत्पीड़न के आरोप में पद से हटा दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त प्रशासकों की समिति के सदस्य डॉ. एसवाई कुरैशी ने पुष्टि की है। कुरैशी ने ट्वीट किया, अंडर-17 महिला टीम के सहायक मुख्य कोच एलेक्स एम्ब्रोस को यौन उत्पीड़न के आरोप में बर्खास्त कर दिया गया है। आगे की कार्रवाई प्रोसेस में है। सीओए ने 30 जून को एलेक्स एम्ब्रोस को पद से हटाने के संकेत दिए थे, लेकिन तब नाम का खुलासा नहीं किया गया था।

बजाज के लिए कोई भी पर्वत 'बहुत ऊंचा' नहीं

नई दिल्ली। इंसानों का फैलाया हुआ कचरा दुनिया के शीर्ष पर्वत माउंट एवरेस्ट पर भी पहुंच गया है और इसे साफ करने के लिए पर्वतारोही अजीत बजाज ने

अमेरिकी सरकार की योजना से सीख लेने का सुझाव दिया है। ध्रुवीय त्रयी को पूरा करने वाले पहले भारतीय अजीत बजाज ने कहा कि माउंट एवरेस्ट इंसानों के टेंट और कचरे से पूरी तरह से भर गया है। ध्रुवीय त्रयी में एक पर्वतारोही उत्तरी ध्रुव, दक्षिणी ध्रुव और ग्रीनलैंड के आईसकैप में स्कीइंग करता है।

क्रिकेट : तीसरे दिन स्टंप तक टीम इंडिया तीन विकेट पर 125 रन

पुजारा का 33वां अर्धशतक, 50 पर नाबाद, भारत की बढ़त 250 रन पार

एजेंसी ▶▶ बर्मिंघम

पुराने रंग में लौटे चेतेश्वर पुजारा (नाबाद 50 रन) ने क्रीज पर पैर जमाकर भारत को इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट के तीसरे दिन रविवार को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया।

- भारत ने पहली पारी में 416 और इंग्लैंड ने बनाए थे 284 रन

तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के बाद भारत का स्कोर 45 ओवर में तीन विकेट पर 125 रन था। इस तरह उसकी कुल बढ़त 257 रन की हो गई है। भारत ने पहली पारी में 416 रन बनाए थे और जवाब में इंग्लैंड की टीम 284 रन पर ढेर हो गई थी।

पुजारा के साथ पहली पारी के शतकवीर ऋषभ पंत (30) रन बनाकर खेल रहे थे। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 50 रन की अटूट साझेदारी कर ली है। पारी का आगाज करने वाले पुजारा ने एक छोर संभाले रखा और दिन के आखिरी ओवर में जो रूट के खिलाफ एक रन लेकर टेस्ट करियर का 33वां अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने अब तब 139 गेंद की नाबाद पारी में चार चौके लगाए। टीम में वापसी करने वाले इस बल्लेबाज ने तीसरे विकेट के लिए 32 रन की साझेदारी की कोहली एक बार फिर मैदान पर समय बिताने के बाद बड़ा स्कोर खड़ा करने में नाकाम रहे।

कोहली के गुस्से पर बेयरस्टो का शतक

जॉनी बेयरस्टो की शतकीय पारी के दम पर इंग्लैंड ने की पहली पारी में 284 रन बनाए। दिन का शुरुआती सत्र पूरी तरह से बेयरस्टो (106 रन) के नाम रहा दूसरे दिन के खेल के दौरान संघर्ष करने वाले बेयरस्टो को तीसरे दिन शुरुआती 20 मिनट के खेल के दौरान परेशानी का सामना करना पड़ा। इसके बाद भारत के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने बेयरस्टो की बल्लेबाजी पर कुछ टिप्पणी की और इंग्लैंड के बल्लेबाज ने अपने खेलने का अंदाज बदल दिया। बेयरस्टो ने टेस्ट कैरियर का 11वां और लगातार तीसरे मैच में शतक पूरा किया।

स्कोर बोर्ड

भारत पहली पारी : 416/10

इंग्लैंड पहली पारी	रन	गेंद	4	6
एलेक्स लीस बो बुमराह	06	09	1	0
क्रॉउली एल गिल बो बुमराह	09	17	1	0
ओली पोप एल अय्यर बो बुमराह	10	18	2	0
जो रूट एल पंत बो सिराज	31	67	4	0
बेयरस्टो एल कोहली बो शमी	106	140	14	2
बैन स्टोक्स एल पंत बो शमी	00	05	0	0
स्टोक्स का बुमराह बो शार्दुल	25	36	3	0
सैम बिलिंग्स बो सिराज	36	57	4	0
रॉबर्ट्स बो का पंत बो सिराज	01	05	0	0
पॉट्स का अय्यर बो सिराज	19	18	3	1
जेम्स एंडरसन नाबाद	06	10	1	0

अतिरिक्त : 35, कुल : 61.3 ओवर में 284/10
गेंदबाजी : बुमराह 19-3-68-3, शमी 22-4-78-2, सिराज 11.3-2-66-4, शार्दुल 7-0-48-1, जडेजा 2-0-3-0.

विंबलडनः नडाल चौथे दौर में सोनेगो को तीन सेट में हराया

एजेंसी ▶▶ विंबलडन

स्पेन के 22 बार के मेजर चैंपियन राफेल नडाल ने विंबलडन टेनिस ग्रैंडस्लैम के चौथे दौर में प्रवेश किया। नडाल ने तीसरे दौर के मुकाबले में 27वें नंबर के लोरेंजो सोनेगो पर 6-1, 6-2, 6-4 से जीत दर्ज की।

अब चौथे दौर में नडाल का सामना 21वें नबंबर के बोटिक वान डि जांड्शुल्प से होगा। वहीं निक किर्गियोस और चौथी वरीयता प्राप्त स्टेफानोस सिटसिपास के बीच तीसरे दौर के मुकाबला काफी 'शाब्दिक जंग' से भरा रहा। गैर वरीयता प्राप्त किर्गियोस ने 6-7, 6-4, 6-3, 7-6 से जीत दर्ज की और चौथे दौर में उनका सामना ब्रैंडन नाकाशिमा से होगा। किर्गियोस पर पहले दौर के बाद एक दर्शक की ओर थूकने के लिये जुर्माना भी लगाया गया था। वह 2016 के बाद पहली बार आल इंग्लैंड क्लब के चौथे दौर में पहुंचे।

सेंटर कोर्ट के शताब्दी वर्ष का मना जश्न

स्विट्जरलैंड के स्टार रोजर फेडरर घुटने की सर्जरी के कारण भले ही विंबलडन टेनिस ग्रैंडस्लैम में नहीं खेल रहे हों लेकिन वह सेंटर कोर्ट के शताब्दी वर्ष के जश्न के लिए रविवार को आल इंग्लैंड क्लब पहुंचे। आठ बार विंबलडन खिताब जीत चुके फेडरर 1999 में पदार्पण के बाद से पहली बार इस ग्रैंडस्लैम में नहीं खेल रहे हैं। कुल 20 ग्रैंडस्लैम जीत चुके फेडरर सेंटर कोर्ट पहुंचे, उन्होंने गहरे रंग का सूट और सफेद जूते पहने थे। वह इस साल के शुरू में कह चुके हैं कि वह पिछले साल हुई घुटने की सर्जरी के बाद वापसी गर्मियों के अंत तक नहीं करेंगे। एक साल पहले विंबलडन में 22वीं दफा उतरे 40 साल के फेडरर का सफर तब क्वार्टर फाइनल में समाप्त हो गया था, जिसके बाद से वह किसी टूर्नामेंट में नहीं खेले हैं।

महिला हॉकी विश्व कप : भारत ने इंग्लैंड को 1-1 से ड्रॉ पर रोका

एजेंसी ▶▶ एम्सटेलवीन

भारतीय महिला हॉकी टीम ने रविवार को यहां एफआईएच विश्व कप के पूल बी के अपने पहले मैच में इंग्लैंड से 1-1 से ड्रॉ खेला। इंग्लैंड को नौवें मिनट में इसाबेला पेटर ने बढ़त दिलाई लेकिन वंदना कटारिया ने 28वें मिनट में भारत को बराबरी दिला दी। पहले दो क्वार्टर में दोनों टीमों ने एक दूसरे को कड़ी टक्कर दी।

भारत को पहले ही मिनट में पेनल्टी कॉर्नर के रूप में गोल करने का पहला मौका मिला लेकिन टीम ने इसे गंवा दिया। कुछ ही मिनटों बाद कप्तान और गोलकीपर सविता ने शानदार बचाव करते हुए इंग्लैंड को बढ़त बनाने से रोका। इसाबेला ने इसके बाद गेंद को डिफलेक्ट

करके गोल में पहुंचाया और इंग्लैंड को बढ़त दिलाई। भारत को 28वें मिनट में एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला और इस बार वंदना ने रिबाउंड पर गोल दागकर स्कोर 1-1 कर दिया। तीसरे और चौथे क्वार्टर में भी दोनों टीम के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली लेकिन कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी। भारत पूल बी के अपने अगले मैच में मंगलवार को चीन से भिड़ेगा।

खुलासाः दुती से 'स्पोर्ट्स हॉस्टल' में हुआ था रैगिंग

भुवनेश्वर। ओलंपियन दुती चंद ने रविवार को चौंकाने वाला दावा करते हुए कहा कि 2006 से 2008 के दौरान यहां के 'स्पोर्ट्स हॉस्टल' में उन्हें सीनियरों द्वारा रैगिंग का सामना करना पड़ा था। ओडिशा में जन्मी दुती ने यह बात शनिवार को 'बीजेबी ऑटोनॉमस कॉलेज' की छात्रा द्वारा रैगिंग के कारण आत्महत्या करने के बाद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जवाब में कही। इस फर्राटा धाविका ने कहा, 'दीदी (सीनियर) मुझे 'स्पोर्ट्स हॉस्टल' में अपने शरीर की मालिश करने और अपने कपड़े धोने के लिए मजबूर करती थीं।' दुती ने दावा किया कि होस्टल के सीनियर ने उनकी वित्तीय स्थिति का मजाक भी उड़ाया था लेकिन जब अधिकारियों से इसकी शिकायत की गई तो उस पर कभी ध्यान नहीं दिया गया।

मलेशिया ओपन...

कुआलालंपुर। मलेशिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में मिश्रित युगल फाइनल मैच के बाद पहले स्थान के विजेता चीन के झेंग सी वेई-हुआंग या क्यूओंग और दूसरे स्थान पर थाईलैंड के डेचापोल-तेरातानाचाई के साथ मंच पर जश्न मनाते हुए।

शीर्ष क्रम विशेषकर सलामी बल्लेबाजों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

वनडे: जीत से श्रृंखला अपने नाम कर लेगा भारत

एजेंसी ▶▶ पालेकल

भारतीय महिला क्रिकेट टीम श्रीलंका के खिलाफ सोमवार को होने वाले दूसरे मैच में जीत से तीन मैचों की वनडे श्रृंखला अपने नाम करना चाहेगी और साथ ही अपने शीर्ष क्रम विशेषकर सलामी बल्लेबाजों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद लगाएगी।

इससे पहले हुई टी20 श्रृंखला 2-1 से अपने नाम करने के बाद भारत ने कम स्कोर वाले पहले मैच में 72 गेंद रहते चार विकेट से जीत दर्ज कर वनडे श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली थी। आल राउंडर पूजा वस्त्राकर ने मैच पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'हमारी रणनीति पहले जैसा ही रहेगी,

हमें श्रृंखला 3-0 से जीतनी है और सभी मैचों में दबदबा बनाना है। हमने जो भी योजना बनाई है और तैयारी की है, उसका कार्यान्वयन करने की जरूरत है।' इस आसान जीत के बावजूद भारतीय 'थिंक टैंक' को उप कप्तान स्मृति मंधाना और युवा शेफाली वर्मा की सलामी जोड़ी को लेकर कुछ चिंता बनी होगी। और ऐसा इसलिए है क्योंकि ये दोनों बल्लेबाज दौरे पर अभी तक कोई मजबूत साझेदारी नहीं बना सकी हैं जिससे टीम को तेज शुरुआत नहीं मिली है। मंधाना और वर्मा अब बड़ा स्कोर बनाना चाहेंगी क्योंकि दौरे पर बस दो ही मैच बचे हैं।

बल्लेबाजों में अनिरंतरता

भारतीय गेंदबाजों ने जहां दौरे पर शानदार प्रदर्शन किया तो वहीं बल्लेबाजों को अनिरंतरता का सामना करना पड़ रहा है। वर्मा एक बार फिर अच्छी शुरूआत दिलाने में नाकाम रही और पहले वनडे में कम स्कोर का पीछा करते हुए शीर्ष क्रम चरमरा गया। हरमनप्रीत, हरलीन देओल, दीप्ति, पूजा वस्त्राकर वाले मध्यक्रम ने शुरूआती मुकाबले में भारत को जीत तक पहुंचाया। श्रीलंकाई टीम उम्मीद करेगी कि कप्तान चामरी अटापट्टू अपने बल्ले से बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करें। सलामी बल्लेबाज हसिनी परेरा, हर्षिता समरविक्रमा और निलाक्षी डि सिल्वा ने अच्छी बल्लेबाजी की लेकिन उन्हें भागीदारियां निभाने की जरूरत है।

वेस्टइंडीज और बांग्लादेश के बीच पहला टी20 बारिश की भेंट चढ़ा

एजेंसी ▶▶ रोसीयू

बारिश के कारण वेस्टइंडीज और बांग्लादेश के बीच पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच रद्द हो गया। गीली आउटफील्ड के कारण मैच शुरू होने में 100 मिनट की देरी हुई जिसके बाद मैच 16-16 ओवर का कर दिया गया। आठवें ओवर में मैच फिर रूका जिससे मैच 14-14 ओवर का हो गया।पहले बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की टीम ने केवल 13 ओवर ही खेले थे कि बारिश ने फिर खेल रोक दिया। इसके बाद मैच अधिकारियों ने मैच रद्द करने का फैसला किया।

बांग्लादेश ने आठ विकेट पर 105 रन बना लिए थे जिसमें शाकिब अल हसन 29 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे।

जगह चिन्हित कर पौधरोपण करायें: जिलाधिकारी

जौनपुर । जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में निकायों के अध्यक्ष, ब्लाक प्रमुख, व्यापार मंडल के पदाधिकारी, ईंट भट्टा संघ के पदाधिकारी, रोटरी क्लब सहित अन्य संगठनों के लोग उपस्थित रहे। बैठक में लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु विभिन्न रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, मंत्रीगण, सांसद, विधायक, ब्लाक प्रमुख, नगर पालिका चेयरमैन, नगर पंचायत अध्यक्षों, शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं, पर्यावरण प्रेमियों, कृषक उत्पाद संघ, पर्यावरण सेनानियों, गंगा प्रहरी, युवक मंगल दल, रोटरी क्लब, लायंस क्लब, उद्योग बन्धु, ईट-भट्टा संघ, व्यापार मण्डल, व अधि0अधिकारी आदि के साथ पौधारोपण में सक्रिय सहयोग एवं सहभागिता प्राप्त करने हेतु से चर्चा की गयी। जिलाधिकारी ने सभी से सहभागिता एवं सहयोग प्राप्त करने व वृक्षारोपण को जन आंदोलन बनाने की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि इस वर्ष जनपद में 53 लाख पौधे लगाए जाएंगे। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि जगह चिन्हित कर बड़े पैमाने पर पौधे लगाए व उन्हें संरक्षित करने में सहयोग करें। अध्यक्ष सीडा संघ बृजेश यादव ने जिलाधिकारी को आश्वस्त कराया की सभी औद्योगिक क्षेत्र में बृहद पौधरोपण के कार्य किए जाएंगे, जिला महामंत्री व्यापार मंडल आरिफ हबीब ने कहा कि बाजार में कमेटियों के माध्यम से 20000 पौधों का रोपण कराया जाएगा। रोटरी क्लब के नवीन सिंह ने बताया कि उनके द्वारा डिजिटल कैंपेन लांच किया जा रहा है , जिसके माध्यम से वृक्षारोपण के लिए जागरूक किया जाएगा एवं रोटरी क्लब के माध्यम से गोमती नदी पर शाही किला एवं सद्भावना पुल के बीच में वृक्ष लगाए जा रहे हैं उसकी देखरेख रोटरी क्लब के द्वारा किया जाएगा। ईट भटटा संघ ने अवगत कराया कि उनके द्वारा 20 हजार पौधे लगाये जायेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि नईगंज से प्रसाद इंजीनियरिंग कालेज तक हाईवे के किनारे किनारे वृक्ष लगाए जाएंगे, । नगर पालिका अध्यक्ष जौनपुर माया टंडन, मड़ियाहूं नगर पंचायत की अध्यक्ष रुखसाना जमाल, ब्लाक प्रमुख के प्रतिनिधिगण, अपर जिलाधिकारी भू-राजस्व रजनीश राय, प्रभागीय निदेशक समाजिक वानिकी प्रभाग प्रवीण खरे, व्यापार मंडल से सोमेश्वर केसरवानी, राधेरमण जायसवाल, घनश्याम साहू उपस्थित रहे।

बछड़े को बचाने युवक आग में कूदा, झुलसा

जौनपुर। केराकत तहसील क्षेत्र के सेनापुर गांव में बीती रात मड़हे में आग लगाने से लगभग चार कुंतल गेंहू ,भूसा जलकर खाक हो गया साथ ही आग की चपेट में आने से बछड़ा व युवक भी झुलस गया। भीमसेन पुत्र संतलाल रोज की भांति सोने से पहले मडहे में बधी गाय को मच्छर से बचने के लिये दफती का गत्ता जलाकर सो गये आधी रात बीत जाने के बाद अचानक गत्ते में लगी आग की चिंगारी निकलने से आग लग गई।जब तक परिजनों की नींद खुलती तक तक आग विकराल रूप धारण कर लिया। मडहे बधे बछड़े की आवाज सुन भीमसेन ने अपनी जान की परवाह न करते हुए मड़हे में घुस कर बछड़े को बचाने में सफल रहा लेकिन आग की लपटे इतनी विकराल थी कि भीमसेन व बछड़ा आग चपेट में आ गये परिजनों के चीखने चिल्लाने की आवाज सुन आस पास के लोगो की भीड़ जब तक इकठ्ठा होती तब तक मडहा व उसमे रखा समान जलकर राख हो गया। सुबह लगभग 8 बजे हल्का नेखपाल को फोन कर सूचित करने का प्रयास किया गया तो उनका मोबाइल बंद था तत्पश्चात उपजिलाधिकारी को फोन किया गया लगभग 4 बार फोन करने के बाद भी फोन नहीं उठा तो थक हारकर जिलाधिकारी को फोन कर मामले से अवगत कराया गया।जिलाधिकारी के मामले को संज्ञान में लेते ही तहसील प्रशासन में कुछ समय के लिए हड़कंप मच गया आनन फानन में जिम्मेदार अधिकारियो ने मामले को संज्ञान में लेते हुए प्राथमिक उपचार हेतु वेक्सीनेटर संदीप दीक्षित मौके पर भेज बछड़े का इलाज कराया गया मामले की जानकारी होने के बाद हल्का नेखपाल ब्रमहनाथ कौशिक ने मौके पर पहुंच जांच पड़ताल की। भीमसेन की हालत देख 108 पर फोन कर एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र केराकत भिजवाया गया जहा से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर उपचार के लिये जिला चिकित्सालय भेजा गया।भीमसेन ने जो मानवता की मिसाल पेश की है उसकी क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

आकाशीय बिजली से मंदिर का गुम्बद क्षतिग्रस्त

जौनपुर। केराकत क्षेत्र के सूरहुर पुर गांव में स्थित हनुमान मंदिर उस समय शुर्खिओ में आया जब शनिवार की सुबह आकाशीय बिजली गिरने से हनुमान मंदिर का गुम्बद क्षतिग्रस्त हो गया। मंदिर का गुम्बद टूट कर गिरने की सूचना मिलते ही गांव वालों में हड़कंप मच गया गांव वाले ने आनन-फानन में मंदिर पर पहुंचकर हनुमान चालीसा का पाठ करना शुरू कर दिया। गांव वालों का कहना है कि कोई बड़ी आपदा थी जिसे बजरंगबली ने अपने ऊपर ले ली गांव में किसी भी तरह की कोई घटना आकाशी बिजली की वजह से नहीं हुई जिसके कारण लोग भगवान को बारंबार धन्यवाद दे रहे हैं और मंदिर में पहुंचकर हनुमान चालीसा का पाठ कर भगवान से प्रार्थना करते नजर आ रहे हैं देखते ही देखते हनुमान मंदिर में दूर दराज से लोगो की भीड़ इकट्ठी होने लगी।

आकाशीय बिजली गिरने से महिला की मौत

जौनपुर । बरसठी थाना क्षेत्र के भटकैया गांव में आकाशीय बिजली गिरने से एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। बताया जाता है कि राजकुमारी देवी पत्नी शमरनाथ यादव सुबह हो रही तेज वर्षा के दौरान अपनी गाय बांधने के लिए घर से बाहर निकली तभी तेज गड़गड़ाहट के साथ आकाशीय बिजली गिरी जिसके चपेट में आने से वह बुरी तरह झुलस गई और घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इस घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पाकर बरसठी थाना की पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

युवक पर लगाया दुष्कर्म का आरोप

जौनपुर। केराकत कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एक गाँव की 14 वर्षीय किशोरी ने गाँव के ही एक युवक पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पीड़िता थाने में पहुंच न्याय की गुहार लगाई ।पीड़िता ने बताया की देर शाम शौच करने बगल के खेत में गई थी। कि पहले से ही घात लगाए गाँव का एक युवक पकड़ लिया व जमीन पर पटककर दुष्कर्म करने का प्रयास करने लगा, किशोरी के चीखने चिल्लाने पर परिजनों व अन्य लोगो को आता देख घबराहट में युवक अपना मोबाइल,चप्पल व शर्ट छोड़कर भाग निकला पीड़िता ने अपने परिजनों को आपबीती बताई व कोतवाली पर आकर प्रार्थना पत्र दिया।पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच पड़ताल में लगी।

14 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण

जौनपुर। शाहगंज तहसील परिसर स्थित सभागार में शनिवार को उप जिलाधिकारी नीतीश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस पर फरियादियों द्वारा कुल 120 प्रार्थना पत्र दिए गए। 14 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण मौके पर किया गया। शेष प्रार्थना पत्रों को निस्तारण के लिए संबंधित विभाग जिम्मेदारों के सुपुर्द किया गया।इस मौके पर क्षेत्राधिकारी अंकित कुमार, तहसीलदार महेंद्र प्रताप सिंह, नायब तहसीलदार अमित कुमार सिंह, चिकित्साधीक्षक डॉ. रफीक फारुकी, प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार आर्य, एसडीओ विद्युत रोशन जमीर, अधिशासी अधिकारी प्रदीप गिरी आदि रहे।

शाही पुल की दुकाने बन्द कराने का विरोध किया

जौनपुर । आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष ने कहा कि जनपद के शाही पुल के पास पर मनमाने ढंग से जिला प्रशासन ने सभी दुकानदारों का दुकान बंद करवाने का और दुकान में ताला लगवाने का काम किया है, जबकि यह मामला पुरातत्व विभाग का है और पुरातत्व विभाग ने 1965 तक दुकानदारों से किराया लिया बाद में इन दुकानदारों ने कोर्ट के माध्यम से किराया अपना जमा करते रहे लेकिन जिला प्रशासन मनमाने ढंग से अवैध मानते हुए उन दुकानदारों के दुकान पर ताला लगवा रहें हैं और इसीलिए व्यापारियों का कहना है कि जो भी किराया हम पहले देते थे आज भी वह हम देने को तैयार हैं लेकिन हमको रसीद मिलना चाहिए तथा यह मामला हाई कोर्ट में लंबित है लेकिन जिला प्रशासन मानने को तैयार नहीं है यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। उसी के खिलाफ आम आदमी पार्टी ने जिलाधिकारी से मिलकर ज्ञापन दियार दिया। जिला प्रभारी डॉ0 अनुराग मिश्रा ने कहा कि अगर सोमवार तक सुनवाई नहीं होती है व्यापारियों के दुकान नहीं खोले जाते हैं तो पार्टी मंगलवार से भिक्षा मांगने का काम करेगा । रघुवंश यादव ने कहा की भिक्षा मांगने का शुरूआत जिलाधिकारी से की जाएगी। शैलेंद्र यादव, अली अहमद, अजीज अहमद, अमानतुला, अरशद आलम, अमन गुप्ता, मोहम्मद अकरम, असलम, निजामुद्दीन, रमाशंकर, मोहम्मद उमैर, मोहम्मद उजैर, तमना बैगम, महबूब आलम, शहंशाह आलम, मोहम्मद शवैब व इत्यादि लोग मौजूद रहे।

विषखोपड़ा के डसने से वृद्ध की मौत

जौनपुर। जलालपुर थाना क्षेत्र के दरवेषपुर गांव में एक वृद्ध की मौत विषखोपड़ा के डसने से हो गयी। बताते है कि 75 वर्षीय राज बहादुर सिंह बीती रात गाय को चारा डाल रहे थे। उसी समय विषखोपड़ा ने उनके पैर में काट लिया। उनकी तुरंत नजर पड़ गई। उन्होंने घरवालों को जानकारी दी। वे तत्काल एक निजी डाक्टर के यहां ले गए वहां रेफर किए जाने पर जिला मुख्यालय ले जाकर निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

जिहादियों को गिरफ्तार कर दी जाय फांसी

जौनपुर। उदयपुर (राजस्थान) में जिहादियों द्वारा हिन्दू दुकानदार कन्हैया लाल की की गयी निर्मम हत्या के विरोध में अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल संस्थापक डा. प्रवीण भाई तोगड़िया के आह्वान पर जनपद में कार्यकताओं ने शनिवार को देश के प्रधानमंत्री के नाम सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी मनीष वर्मा को सौंपा। जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुये परिषद के जिलाध्यक्ष अजय पाण्डेय ने कहा कि विगत दिनों में हिन्दुओं की निर्मम हत्या का सिलसिला जारी है। देश के अन्दर घटित हो रही लगातार जिहादी आतंकी घटनाओं से देश आहत है। कभी नूपुर शर्मा के बहाने पत्थरबाजी कर देश की

सरकारी सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाया जा रहा है तो कभी निर्दोष हिन्दुओं की निर्मम हत्या करना देश की सुरक्षा व्यवस्था को खुलेआम चुनौती दी जा रही है। कश्मीर घाटी में हो रही हिन्दुओं की लगातार हत्या से वहां के हिन्दुओं का पलायन हो रहा है। ऐसे घटना में शामिल लोगों को गिरफ्तार कर फास्ट कोर्ट के माध्यम से एक माह के अन्दर फांसी की सजा दी जाय, ऐसा भारत सरकार से मांग है। कहा कि कन्हैया लाल के परिवार को 31 लाख रुपए का मुआवजा देने के साथ परिवार के किसी एक सदस्य को सरकारी नौकरी पर रखा जाय। उन्होने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार इस्लामिक जिहादी आतंकवाद के विरूद्ध इसराइल की भांति युद्ध की घोषणा कर इनका सफाया करे। राष्ट्रीय बजरंग दल के जिलाध्यक्ष चन्दन तिवारी, अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद के विभाग महामंत्री चन्द्र प्रकाश तिवारी, जिला महामंत्री पवन राय, राकेश श्रीवास्तव, अरविन्द योगी, अंकित गुप्ता, राकेश मौर्य, अवधेश बरनवाल, रामजी, नागेन्द्र सिंह, जितेन्द्र बहादुर सिंह, धर्मेन्द्र श्रीवास्तव एडवोकेट, रामजी सोनी, सचिन श्रीवास्तव, रमेश मिश्र, आदि उपस्थित रहे।

बारिश से स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति कम

जौनपुर। शनिवार की सुबह से हो रही बारिश के चलते विकास खंड मछलीशहर एवं विकास खंड मुंगराबादशाहपुर के ज्यादातर परिषदीय विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति कम ही रहीं। आपको बताते चलें कि निजी विद्यालयों में स्कूली बच्चे वैन से आते - जाते हैं किन्तु परिषदीय विद्यालयों में बच्चे मौसम से सर्वाधिक प्रभावित होते हैं।

16 जून से ही भीषण गर्मी के चलते बच्चों की उपस्थिति कम रही यद्यपि ज्यादातर विद्यालयों में पंखे की व्यवस्था है किन्तु बार - बार बिजली कटौती होने और इन्वर्टर की सुविधा न होने से जिले के ज्यादातर विद्यालयों में बच्चों उपस्थिति कम ही रही । अब बारिश के चलते आगे आने वाले दिनों में भी उपस्थिति कम ही रहने का अनुमान है। निजी विद्यालयों के बच्चों को इन समस्याओं से दो - चार नहीं होना पड़ता है जिस कारण उनका पठन - पाठन निर्बाध रूप से चलता रहता है। आपको बताते चलें कि कोरोना काल में लम्बे समय तक विद्यालय बन्द रहने से परिषदीय विद्यालयों के बच्चों में विगत 2 वर्षों में बड़ा लर्निंग गैप उत्पन्न हुआ है।साधन सम्पन्न निजी विद्यालयों में पढ़ने वाले जागरूक अभिभावकों के बच्चों ने आनलाइन माध्यम से शिक्षा ग्रहण कर काफी सीमा तक अपने शैक्षणिक स्तर को बनाय रखा है किन्तु परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चे साधन सम्पन्नता के अभाव और अभिभावकों में जागरूकता न होने के कारण आनलाइन पढ़ाई का लाभ नहीं उठा सके हैं जिस कारण से कोरोना काल ने परिषदीय विद्यालयों के बच्चों में वृहद लर्निंग गैप उत्पन्न कर दिया है। बीच - बीच में विभिन्न कारणों से विद्यालय में उनकी अनुपस्थिति की समस्या लर्निंग गैप को और बढ़ा रही है।

दो वरिष्ठों को अवकाश ग्रहण करने पर दी गयी विदाई

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी रामजी सिंह और वीसी कार्यालय के कर्मचारी इसरार खान को अवकाश ग्रहण करने के बाद विश्वविद्यालय परिवार ने विदाई समारोह का आयोजन किया। इस मौके पर कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस. मौर्य ने उनके कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि हमारे यहां के कर्मचारियों में अपने दायित्व और उत्तरदायित्व दोनों का बोध है। कभी-कभी शासन के पत्रों का जवाब देने के के लिए वह घर जाने के बाद भी रात में दफ्तर लौटकर ड्राफ्टिंग तैयार करवाने में मदद करते हैं ताकि समय से शासन को जवाब दिया जा सके। इस दौरान कुलसचिव महेंद्र कुमार ने कहा कि कार्य को सेवा के साथ समर्पण का भाव रखने वाला ही कर्मचारी हमेशा याद किया जाता है। इसके बाद शुक्रवार को कुलपति आवास पर भी दोनों कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। कुलपति प्रो.निर्मला एस. मौर्य ने प्रशासनिक अधिकारी रामजी सिंह और इसरार खान को माला पहना कर शाल भेंट की। इस मौके परे कुलसचिव महेंद्र कुमार, प्रो. मानस पांडेय, परीक्षा नियंत्रक व्यास नारायण सिंह, बबिता सिंह, श्याम श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे।

व्यवस्था परिवर्तन के हिमायती थे सोने लाल पटेल

जौनपुर। अपना दल के संस्थापक डॉक्टर सोनेलाल पटेल के जन्म दिवस के अवसर पर जिला कार्यालय वाजिदपुर में श्री पटेल की चित्रपट पुष्प अर्पित कर उनको नमन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला महासचिव डॉ0 रमाशंकर पटेल एवं संचालन जिला उपाध्यक्ष डॉ मनीष यादव । मुख्य अतिथि पप्पू माली राष्ट्रीय सचिव ने कहा कि आज हम सब एक ऐसे महान समाज सत्ता व्यवस्था परिवर्तन करने वाले जननायक डॉक्टर सोनेलाल पटेल का 72 वा जन्मदिवस समारोह मना रहे हैं जिन्होंने व्यवस्था परिवर्तन करने के लिए अपना पूरा जीवन न्यौछावर कर दिया समाज के लिए डॉक्टर पटेल समाज ने उन दबे कुचले वंचित के लिए काम किया जो समाज से वंचित थे । राम कुमार माली ,संजय निषाद , संतोष पटेल , राकेश दुबे ,मनोज विश्वकर्मा ,दिनेश मौर्या ,शीतला प्रसाद माली ,विनोद यादव ,राम निहोर पटेल संकटा प्रसाद पटेल आदि लोग उपस्थित रहे।

उद्यान के माध्यम से किसानों के लिए असीम संभावनाएं

गाजीपुर/कासिमाबाद। प्रदेश सरकार के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि उद्यान के माध्यम से किसानो के लिए असीम संभावना है, इससे कम लागत व कम मेहनत में किसनों की आय दुगुना किया जा सकता है। कासिमाबाद गेस्ट हाउस में भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकताओं व आम जनता के साथ बैठक में उन्होंने कहा कि गाजीपुर में उद्यान के क्षेत्र में किसानों के लिए काफी संभावनाएं हैं। कहा कि नगदी खेती की अच्छी पैदावार बिना किसी परेशानी के किसानों को समृद्ध करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार किसानो की आय कैसे बढ़े इसके लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि उद्यान विभाग द्वारा सप्ताह में कैम्प लगाकर किसानों को जानकारी प्रदान की जायेगी। गेस्ट हाउस में बैठक के बाद उन्होंने जहूराबाद विधान सभा के रोहिली गांव में बूथ अध्यक्ष गणेशदत्त के आवास पर जनसंवाद किया। जन संवाद में ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर शीघ्र समाधान करने की बात कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार आम आदमी के सम्मान और आर्थिक उत्थान सहित सभी समाधान के लिए संकल्पित होकर कार्य कर रही है। इस मौके पर ग्रामीणों ने गांव की बुनियादी जरूरतो तथा समस्याओं को राज्यमंत्री को बताया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह, महामंत्री ओमप्रकाश राय, प्रवीण सिंह, डा. विजय यादव, श्यामराज तिवारी, जितेन्द्रनाथ पाण्डेय, नरेन्द्रनाथ सिंह, अच्छेलाल गुप्त, मीडिया प्रभारी शशिकांत शर्मा, राजकुमार सिंह झाबर, शशि प्रकाश सिंह, संतोष गुप्त, राकेश राय, आलोक शर्मा, सम्पूर्णानंद उपाध्याय, सचिव, राजन प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

टीचिंग-रिसर्च एवं पेसेन्ट केयर मेडिकल लाइन में तीन कार्य

प्रमुख सचिव ने किया रक्तपृथ्यकरण केन्द्र तथा डायलिसिस प्लांट का लोकार्पण

गाजीपुर। प्रदेश शासन के प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा विभाग आलोक कुमार ने महर्षि विश्वामित्र स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय परिसर में रक्तपृथ्यकरण केन्द्र चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण तथा जिला अस्पताल में १० शैया आईसीयू वार्ड, ब्लड कम्पोमेंट यूनिट, क्लीनिक लैब एवं डायलिसिस प्लांट का लोकार्पण किया। इसके पूर्व उन्होंने जिला महिला अस्पताल का स्थलीय निरीक्षण तथा सरकारी क्षारोद व अफीम कारखाना का अवलोकन किया। इस दौरान प्रमुख सचिव ने इमरजेंसी, मेडिकल स्टोर एवं उपस्थित मरीजो का हाल जाना, उन्होंने कहा कि मेडिकल लाइन में तीन कार्य होते है, टीचिंग, रीसर्च, पेसेन्ट केयर। उन्होंने कहा कि चिकित्सा, शिक्षा सेवाओं में बेहतर सुधार हुआ है। पीजी अभ्यर्थियों को कैसे लाये यह प्रयास किया जा रहा है। जिससे कि चिकित्सा शिक्षा में सुधार होने में सहायता मिल सकती है। उन्होंने बताया कि डीएनबी की सीट लाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने नर्सिंग कालेज व पैरा मेडिकल टेनिंग के निर्माण हेतु क्या व्यवस्था हो सकती है इसका भी स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने डाक्टरों व चिकित्सको को निर्देश दिया कि मरीजो के साथ अच्छा से बात करें, किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। प्रमुख सचिव ने इस वर्ष दाखिल प्रथम बैच के सभी एमबीबीएस छात्रों को बधाई दी। प्रमुख सचिव के पहुंचने पर पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। एक छात्रा ने महर्षि विश्वामित्र का चित्र देकर सम्मानित किया।

संक्षिप्त खबरें

रमाशंकर पटेल को आम आदमी पार्टी का वाराणसी जिलाध्यक्ष पद पर किया गया नियुक्त कार्यकताओं में दौड़ी खुशी की लहर

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। आम आदमी पार्टी में रमाशंकर पटेल निवर्तमान जिलाध्यक्ष (पिछड़ा प्रकोष्ठ) एवं जिला सह प्रभारी संगठन निर्माण विधान सभा अजगरा,सेवापुरी को वाराणसी जनपद का जिलाध्यक्ष बनाया गया। जिलाध्यक्ष बनने की खबर सुनते ही पार्टी के कार्यकताओं में दौड़ी खुशी की लहर सभी नेता व कार्यकताओं ने जिलाध्यक्ष बनने की दी बधाई रमाशंकर पटेल को जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी उनके द्वारा किये गये अच्छे कार्यों को देखते हुए केन्द्रीय /प्रादेशिक /प्रान्तीय के नेतृत्व द्वारा दिया गया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर द्वारा कार्यवाही करते हुए तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक गगहा संजय कुमार सिंह एवं उ0नि0 संतोष कुमार सिंह को किया गया निलम्बित

प्रखर गोरखपुर। प्रार्थना पत्र मुख्यमंत्री उ0प्र0 को सम्बोधित करते हुए आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत प्राप्त हुई थी । विभागीय जाँच के उपरान्त पाया गया कि तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक गगहा संजय कुमार सिंह एवं उ0नि0 संतोष कुमार सिंह द्वारा पदेन कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही, शिथिलता एवं उदासीनता बरती गई जिसके आरोप में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर द्वारा तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक गगहा संजय कुमार सिंह एवं उ0नि0 संतोष कुमार सिंह को तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया गया । जिनके विरूद्ध विभागीय जांच आसन्न है।

संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

प्रखर गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र के ग्राम सजनापार निवासी युवक बृजेश चौधरी की सोमवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है । स्वजनों ने बताया कि भोर किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया थ।लोग उसके अंतिम संस्कार की तैयारी में जुटे हैं। बताया जाता कि- बृजेश घर से थोड़ी दूर स्थित अपनी बोरिंग व पंपिंग सेट मशीन की रखवाली करने गए हुए थे । अचानक उनकी तबियत बिगड़ने लगी, तो झाड़-फूंक सुरू हो गया । हालत में सुधार होता न देखकर लोग जिला अस्पताल गोरखपुर में भर्ती कराया गया, परंतु उनकी जान नहीं बची ।

धूमधाम से मनाया गया जिला पंचायत प्रतिनिधि राहुल यादव बादल का जन्मदिन

प्रखर संतकबीरनगर। जिला पंचायत अध्यक्ष बलिराम यादव के बेहद करीबी हमेशा सुख दुख में सम्मिलित रहने वाले जिला पंचायत प्रतिनिधि राहुल यादव बादल का जन्मदिन आज एक निजी होटल पर बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जिला पंचायत अध्यक्ष बलिराम यादव ने अपने साथियों के साथ केक काटते हुए जन्मदिन की जहां बधाई दी वहीं फूल गुलदस्ता भेंट करते हुए राहुल यादव बादल के लंबी उम्र की कामना की। मौका था जिला पंचायत प्रतिनिधि राहुल यादव बादल के जन्मदिन का जिला पंचायत अध्यक्ष बलिराम यादव ने राहुल यादव बादल के जन्मदिन को बेहद ही अलग अंदाज में मनाया अपने साथियों के साथ पहुंचे जिला पंचायत अध्यक्ष बलिराम यादव ने जहां केक काटते हुए जन्मदिन की बधाई दी वहीं अपने साथियों के साथ फूल गुलदस्ता भेंट करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष बलिराम यादव ने राहुल यादव बादल के लंबी उम्र की कामना की। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष बलिराम यादव के साथ दर्जनों लोग मौजूद रहे।

नहर माइनर के अभाव में किसानों के बीसों बीघा खेत का सिंचाई कार्य बाधित

प्रखर मनिहारी। गाजीपुर। क्षेत्र के सिखाड़ी स्थित देवकली पंप केनाल की मरदह राजवाहा से निकल कर लघु शाखा सोनहरा,खिलवा,सिखड़ी होते हुए चकमलूक गांव के अंतिम छोर तक जानेवाली शाखा विगत कई वर्षों से अपने गंतव्य तक नहीं पहुंचने के कारण किसानों की बीसो बीघा खेत की सिंचाई करने से वंचित रह जाती है। विदित हो कि उक्त नहर माइनर जिससे हजारों एकड़ खेतों की सिंचाई कार्य निर्भर है। अतिक्रमण के चलते जहां बाधित है। वहीं गंतव्य तक नहीं पहुंचा कर अंतिम छोर से दो किलोमीटर पहले ही रोक दिए जाने से किसानों की बीसो बीघा जमीन नहर माइनर की सिंचाई से बंचित रह जाती है। किसानों के बार बार आग्रह पूर्वक निवेदन के बावजूद नहर विभाग संज्ञान लेने में रुचि नहीं ले रहा। किसानों के कथनानुसार पहले से नहर माइनर के नाम पर राजस्व दस्तावेज में दर्ज जमीन आज भी उपलब्ध है।जिसपर लोगों का अनावश्यक कब्जा है। चकमलूक गांव के चौहान बस्ती से सटे नहर माइनर तथा बंदोबस्ती नाली पर यादव विरादरी के अनाधिकृत कब्जा के चलते घरों के नाबदान का पानी भी बाधित है। संबंधित किसानों ने बंदोबस्ती नाली के साथ साथ नहर माइनर की साफ सफाई एवं खुदाई तथा नहर माइनर को आगे तक बढ़ाए जाने की मांग की है। जिससे फसलों की सिंचाई सुलभ हो सके।और बस्ती के नाबदान के पानी का उचित निकास हो सके।

फूलपुर विद्यालय को मिला स्वच्छता पुरस्कार

प्रखर पिंडरा वाराणसी। जनपद स्तर पर स्वच्छ विद्यालय का पुरस्कार सोमवार को पिंडरा विकास खण्ड के प्राथमिक विद्यालय फूलपुर को मिला। मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक गोयल द्वारा सत्र 2021- 22 का विद्यालय स्तर पर स्वच्छता में अन्य विद्यालयों की अपेक्षा अधिक अंक प्राप्त करने वाले प्राथमिक विद्यालय फूलपुर के प्रधानाध्यापक डॉ कुँवर पंकज सिंह को उनके बेहतर प्रयासों के लिए स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार के साथ स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र सीडीओ सभागार में दिया। प्राथमिक विद्यालय फूलपुर स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार हेतु ब्लॉक स्तर पर एकमात्र विद्यालय रहा। जिसमें विद्यालय 96 फीसदी अंक को अंकित को करते हुए फाइव स्टार की रेटिंग को प्राप्त की। इस अवसर पर बीएसए डॉ राकेश कुमार सिंह, खण्ड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार सिंह व मंगरु राम सहित अन्य ब्लॉक के अधिकारी व जनपद के अन्य अध्यापक उपस्थित रहे।

जिले के सरकारी और मान्यता प्राप्त 37 विद्यालयों को मिला स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार

प्रखर वाराणसी। स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार 2021-22 का वितरण विकास भवन के सभागार में मुख्य विकास अधिकारी वाराणसी अभिषेक गोयल जी के द्वारा किया गया। जिले के सरकारी और मान्यता प्राप्त 37 विद्यालयों के स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार दिया गया, जिसमे ओवरऑल कटगेरी में 8, सब-कटगेरी में कुल 29, पृथक-पृथक पुरस्कार दिये गय जिसमे पेयजल-5, शौचालय-5, साबुन से हाथ धोना पर-4, संचालन एवं रखरखाव-5, व्यवहार परिवर्तन एवं क्षमता निर्माण-5, कोविड-19 से बचाव-5, सम्मलित है। स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार में जनपद के सम्पर्ण 3413 विद्यालयों ने नामाकंन कराया था। जिसमे स्क्रीनिंग के उपरान्त फाइव स्टार रेटिंग के 796 विद्यालय, फोर स्टार के 1654 विद्यालय एवं थ्रीस्टार के 786 विद्यालय पाये गये। पुरस्कार का चयन बेसिक षिक्षा विभाग द्वारा 57 विदुंओ पर सत्यापन के बाद चयनित विद्यालयों, ग्राम प्रधानों, प्रधानाध्यापकों एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी को दिया गया।

इसी क्रम में उत्कृष्ट खण्ड षिक्षा अधिकारी का पुरस्कार खण्ड षिक्षा अधिकारी सेवापुरी को दिया गया। पॉच उत्कृष्ट प्रधान- ग्राम प्रधान मुरदहा, ग्राम प्रधान धनन्जयपुर, ग्राम प्रधान आदमपुर, ग्राम प्रधान कादीपुर एवं ग्राम प्रधान भतसार तथा पॉच उत्कृष्ट प्रधानाध्यापक- उच्च प्राथमिक विद्यालय मुरदहा, कम्पोजिट विद्यालय धनन्जयपुर, कम्पोजिट विद्यालय आदमपुर, कम्पोजिट विद्यालय कादीपुर एवं प्राथमिक विद्यालय भिटारी को दिया गया।

पुरस्कार वितरण के उपरान्त मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विद्यालयों में स्वच्छता पर विषेष कार्य करने पर जोर दिया गया तथा बताया गया कि पुरस्कार प्राप्त विद्यालय अपने अनुभव से विद्यालयों को बेहतर बनाने में सहयोग करे तथा प्राइवेट विद्यालय अपने आस-पास के परिषदीय स्कूल को अवस्थापना सुविधाओं के सुधार में सहयोग करें।

वितरण समारोह में जिला बेसिक षिक्षा अधिकारी डा0 राकेष सिंह, सह विद्यालय निरिक्षक, अभिसाषी अभियन्ता जल निगम, डिटॉल इंडिया संजय सिंह, जिला समन्वयक निर्माण अभय सिंह, जिला समन्वयक प्रषिक्षण डा0 भोला विष्वकर्मा, एम0आइ0एस0 इंचार्ज राजेष पाण्डें एवं समस्त खण्ड षिक्षा अधिकारी उपस्थित रहें।

आगामी श्रावण मास के तैयारियों को लेकर तामेश्वनाथ धाम का डीएम व एसपी ने किया भ्रमण

प्रखर संत कबीर नगर। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल व पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार द्वारा संयुक्त रुप से थाना कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्रान्तर्गत पौराणिक तामेश्वरनाथ में श्रामण मास व आगामी शिवरात्री पर्व के सम्बन्ध मे की जा रही तैयारियो से संबंधित जानकारी देने के लिए तामेश्वर नाथ धाम में पहुंचकर कर कानून व्यवस्था की जानकारी ली गई, एवं मन्दिर मे आने वाले श्रद्धालओं की सुरक्षा व्यवस्था व भीड़ प्रबन्धन हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए । जलाभिषेक के लिए लगने वाली लाइन की बैरिकेटिंग व रुट डायवर्जन के बारे मे जानकारी ली गयी । महोदय द्वारा मेला स्थल के आसपास सीसीटीवी लगवाने, अग्निशमन दल व वालेण्टियर्स की सेवा लेने के साथ ही खोया पाया कैम्प आदि स्थापित करने के लिये बताया बताया गया । साथ ही मेला आयोजको व स्वयंसेवी संस्थाओ के सदस्यो से बात चीत कर जलाभिषेक करने वाले श्रृधालुओं के आवागमन मार्ग, विश्राम स्थान, भोजन व्यवस्था व बिजली आदि से सम्बन्धित विभिन्न बिन्दुओ पर वार्ता की गई ।

कैंसर रोगियों का इलाज कर स्वस्थ करना उद्देश्य-डॉ. हर्ष सिंह

प्रखर शाहगंज जौनपुर। आज के इस आधुनिक युग मे हर रोग का उपचार सम्भव है विशेष रूप से कैंसर रोग का।अगर सही समय पर विशेषज्ञ चिकित्सक से कैंसर रोगी का उपचार होता है तो ऐसे रोगियों की जान बचाई जा सकती है और उन्हें पहले जैसा स्वस्थ जीवन मिल सकता है। उक्त बातें रविवार की शाम नगर के जौनपुर रोड नजीराबाद स्थित हिन्द आर्थो पाली क्लिनिक पर आयोजित निशुल्क मेडिकल कैम्प में नाक, कान, गला, इंडोस्कोपी एवं कैंसर रोग सर्जरी विशेषज्ञ डॉक्टर हर्ष सिंह ने एक वार्ता के दौरान कहीं। उन्होंने कहा की पान गुटखा धूम्रपान करने वालों को अक्सर कैंसर जैसी भयंकर बीमारी की चपेट में आजाते हैं।ऐसे समय मे मरीज गलत जगह उपचार कराकर अपना जीवन दॉव पर लगा देता है कुछ मरीज तो ऐसे भी होते है जो जानकारी के आभाव में कैंसर विशेषज्ञ डॉक्टरों से न मिलकर गलत जगह उपचार कराने लग जाते है जिससे उनको जान भी गवानी पड़ जाती है। थायरॉयड एवं कान के रोग के बारे में बताते हुए श्री सिंह ने कहा की आजकल

देखा जाता की विशेष रूप से महिलाओं में थायरायड का गांठ होना,कैंसर होना जैसी समस्या अधिक पाई जाती है।जिसमे ऐसे रोगियों को घबराने की जरूरत नही है इनका इलाज दूरबीन विधि से आपरेशन कर सफल इलाज हो जाता है।कान के रोग के बारे में उन्होंने कहा की कान की हड्डी का टेढ़ा होजाना आदि समस्या बिना चीरा के दूरबीन द्वारा उपचार किया जाता है। डॉक्टर हर्ष सिंह ने आगे बताया की सही समय पर कैंसर रोग विशेषज्ञ चिकित्सक से इलाज कराने 80 प्रतिशत कैंसर रोगी स्वस्थ हो जाते हैं।हमारा उद्देश्य है कैंसर रोगियों को बेहतर उपचार देना। फ्री मेडिकल कैम्प के आयोजक हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अबु फैसल कैम्प में उपस्थित डॉक्टरों एवं गणमान्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।और बताया की शाहगंज में नाक, कान, गला एवं कैंसर रोग विशेषज्ञ की भारी मांग को देखते हुए अब बनारस के प्रसिद्ध ईएनटी एवं इंडोस्कोपी और कैंसर सर्जरी विशेषज्ञ डॉक्टर हर्ष सिंह प्रत्येक रविवार को शाम पांच बजे अपनी सेवाएं देंगे। निशुल्क मेडिकल कैम्प में लगभग 102 मरीजों को निशुल्क जांच कर मुफ्त दवा का वितरण किया गया।

स्वदेश सेवा संस्थान द्वारा आयोजित किया गया भव्य कवि सम्मेलन

प्रखर प्रयागराज। स्वदेश सेवा संस्थान द्वारा हिंदुस्तान एकेडमी प्रयागराज में भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें तमाम युवा कवि एवं कवयित्रियों ने अपनी कविता के माध्यम से उपस्थित लोगों को मन मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अमरेंद्र नाथ सिंह (पूर्व अध्यक्ष - हाईकोर्ट बार एसोसिएशन) ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कविता यादव त्रिपाठी (प्रदेश मंत्री महिला मोर्चा प्रयागराज), अति विशिष्ट अतिथि के रूप में राहुल सिंह जिला प्रशासनिक अधिकारी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में निर्देष सिंह " गोलू भैया (भाजपा नेता) , विमल गुप्ता (विधायक प्रतिनिधि शहर उत्तरी) तथा ओम प्रताप सिंह (अधिवक्ता हाईकोर्ट) की गरिमामयी उपस्थित रही।कार्यक्रम का मंच संचालन कर रहे हैं अभिजीत मिश्रा (अकेला) ने

अपनी कविता के माध्यम से एक सैनिक के जीवन के बारे में जिस तरह वर्णित किया उसका कोई जवाब नही । इसी तरह मंच पर विराजमान सभी युवा कवि कवयित्रियों ने अलग-अलग विषयों और धाराओं में कविता पाठ किया। कवियों ने अपनी कविता के माध्यम से लोगों को प्रेम सौहार्द के साथ रहने के साथ ही साथ राष्ट्रप्रेम व राष्ट्रहित सर्वोपरि है का संदेश दिया। कविता पाठ करने के लिए अभिजीत अकेला प्रयागराज से, शिवम हथगामी फतेहपुर से, आशीष कविगुरु प्रयागराज से, आयुषी त्रिपाठी चित्रकूट से,आशा सहनी , आदित्य कौशल बांदा से, अमित मिश्र तथा संदेश मैनपुरी से उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम की देखरेख स्वदेश सेवा संस्थान टीम के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सचिन सिंह , लक्ष्मीकांत त्रिपाठी , सौरभ, देव , हिमांशु, सत्यम, रणजीत, अंकिता, मन्तशा, पंकज, शुभम, आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी पिछड़ा वर्ग मोनू विश्वकर्मा का धूमधाम से मनाया गया जन्मदिवस, नवागत सांसद दिनेश लाल यादव उर्फ निरहुआ ने दी बधाई

प्रखर आजमगढ़। भाजपा नेताओं ने गोरखपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी पिछड़ा वर्ग मोर्चा मोनू विश्वकर्मा का 28 वा जन्मदिवस कलेक्ट्रेट चौराहे पर केक काटकर एक दूसरे को केक खिलाकर मनाया भाजपा नेता जिला महामंत्री पिछड़ा वर्ग मोर्चा मिथिलेश चौरसिया ने बताया कि आजमगढ़ जनपद में भारतीय जनता पार्टी की अप्रत्याशित जीत में मोनू विश्वकर्मा जी का बड़ा योगदान रहा ईश्वर इन्हें लंबी आयु प्रदान करें जनता के सुख और दुखों में इसी तरह आपका योगदान बढ़-चढ़कर रहे आज इसी क्रम में इनके जन्म दिवस पर भारतीय जनता पार्टी जीत के साथ साथ इनका जन्म दिवस भाजपा नेताओं व कार्यकताओं ने कलेक्ट्रेट चौराहे पर केक काटकर हर्षोल्लास के साथ मनाया केक काटने वालों में भाजपा जिला उपाध्यक्ष हरिवंश मिश्रा भाजपा जिला संयोजक रेहड़ी पटरी प्रकोष्ठ हरिश्चंद्र चौरसिया पूर्व

नगर अध्यक्ष विनय गुप्ता नीतीश पांडे शोभित श्रीवास्तव राजू गौड़ काजु गौड़ कृष्णा सिंह बृजेश दुबे सतीश पांडे विपुल पांडे सुशील गुप्ता गोलू गुप्ता अवनीश चतुर्वेदी शेखर सिन्हा धर्मवीर चौहान संतोष चौहान नीरज सिंह दीपक राजू श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे।

पुलिस से उलझना पड़ा महंगा, पहुचा हवालात

प्रखर पिंडरा वाराणसी। फूलपुर पुलिस द्वारा पिंडरा में बैंकों में संदिग्धों की चेकिंग के दौरान पुलिस से उलझना एक युवक को महंगा पड़ गया और हवालात तक की हवा खानी पड़ी और पुलिस ने उसे शांति भंग की धारा में चालान कर दिया। बताते हैं कि इंस्पेक्टर फूलपुर जगदीश कुशवाहा एसबीआई पिंडरा व एचडीएफसी बैंक समेत पिंडरा में स्थित आधा दर्जन बैंक की चेकिंग कर रहे थे। चेकिंग करते हुए पुलिस जब सुबह 11 बजे एचडीएफसी बैंक में पहुचे तो वहां बैठे युवक से बैंक में आने का कारण पूछा तो कारण बताने के बजाय पुलिसकर्मियों से उलझ गया। उसके बाद पहुचे इंस्पेक्टर को भी सही जबाब न दे पाने पर पुलिस उसे गिरफ्तार कर थाने लाई और धारा 151 के तहत उक्त युवक का चालान कर दिया। गिरफ्तार युवक मुकेश कन्नौजिया गांव रामपुर फूलपुर का निवासी है। एचडीएफसी बैंक के प्रबंधक विनय पांडेय ने बताया कि उक्त युवक शरारती लग रहा था।

एसएसपी डॉ. विपिन ताड़ा को अधिकारियों व कर्मचारियों ने गर्मजोशी के साथ किया विदा

प्रखर गोरखपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ विपिन ताड़ा के संक्षिप्त कार्यकाल को सदैव याद किया जाएगा अपने 10 माह 24 दिन के कार्यकाल में ही डा विपिन ताडा आम जन में लोकप्रिय हो गए। बदमाशों पर शिकंजा कसने के साथ ही आमजन को त्वरित न्याय दिलाने के लिए थानों में चौपाल व पुलिस लाइन में जनसुनवाई शुरू की। ईगल सेल का गठन का नौकरी व विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने वालों को जेल भेजा। जिले में आते ही एक लाख का इनामी विजय मुठभेड़ में हुआ था ढेर डा विपिन ताडा ने आठ अगस्त 2021 को जिले में बतौर एसएसपी कार्यभार ग्रहण किया। एक माह के भीतर ही चर्चित रहे काजल हत्याकांड के मुख्य आरोपित व एक लाख रुपये का इनामी विजय प्रजापति को पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया। इसके बाद शुरू हुआ अभियान रुका नहीं। मुठभेड़ में घायल हुए बदमाशों की संख्या जेल में इतनी बढ़ गई कि उनके लिए अलग बैरक (छेदहिया बैरक) खोलनी पड़ी।अपराध की रोकथाम के लिए सुनियोजित तरीके से थानों का निरीक्षण कर लम्बित विवेचनाओं के निस्तारण कराया। वाट्सएप पर आने वाली शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई शुरू की भ्रष्टाचार व फरियादियों से दुर्व्यहार करने वाले पुलिसकर्मियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ सिलसिलेवार कार्रवाई शुरू की। उनके कार्यकाल में 50 से अधिक इंस्पेक्टर, दारोगा व सिपाही लापरवाही व अनियमितता में लिप्त मिलने पर निलंबित/लाइन हाजिर हुए। दंतेवाड़ा पुलिसिंग व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने में अपनी भूमिका निभाते हुए अपनी जो छाप छोड़ कर जा रहे हैं उसे आम जनता सहित पुलिस के जवान सदैव याद करेंगे विदाई समारोह में प्रमुख रूप से ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम सदर कुलदीप मीना पुलिस अधीक्षक नगर कृष्ण बिश्नोई अपर पुलिस अधीक्षक/लाइन राहुल भाटी पुलिस अधीक्षक ट्रैफिक डॉ महेंद्र पाल सिंह पुलिस अधीक्षक दक्षिणी अरुण कुमार सिंह पुलिस अधीक्षक उत्तरी मनोज कुमार अवस्थी पुलिस अधीक्षक अपराध इंदु प्रभा सिंह पुलिस अधीक्षक गोरखनाथ मंदिर सुरक्षा लाल भरत क्षेत्राधिकारी कैंट श्यामदेव क्षेत्राधिकारी गोरखनाथ रत्नेश सिंह क्षेत्राधिकारी कोतवाली विमल कुमार सिंह क्षेत्राधिकारी खजनी अनिल कुमार सिंह क्षेत्राधिकारी कैम्पियरगंज /चौरीचौरा अजय कुमार सिंह क्षेत्राधिकारी गोला जगत राम कनौजिया क्षेत्राधिकारी बांसगांव अंजनी पांडेय क्षेत्राधिकारी एलआईयू राहुल क्षेत्राधिकारी यातायात जय प्रताप सिंह पंकज क्षेत्राधिकारी/ थाना प्रभारी बेलीपार प्रशाली गंगवार अंडर ट्रेनिंग क्षेत्राधिकारी जितेंद्र शर्मा सहित जनपद के समस्त थानों के थाना प्रभारी मौजूद रहे।

विधायक के लिए करीबी चेयरमैन समेत सात लोगों ने धोखाधड़ी से गरीब की जमीन किया कब्जा, कोर्ट ने दिया मुकदमा दर्ज करने का आदेश

प्रखर शाहगंज जौनपुर। विधायक रमेश सिंह के बेहद करीबी नगर पालिका परिषद की चेयरमैन गीता जायसवाल, उनके पति भाजपा नेता प्रदीप जायसवाल समेत सात लोगों के खिलाफ फर्जी तरीके से नाम चढ़ाकर बैनामा लेने का एक और मामला सामने आया है। सीजेएम की अदालत ने कोतवाली पुलिस को इस मामले में चेयरमैन समेत सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है।

पुराना चौक मोहल्ला निवासी अमरनाथ पुत्र स्व. भोलानाथ ने न्यायालय में धारा 156 (3) के तहत अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि वर्तमान में वार्ड संख्या 10 मोहल्ला एराकियाना स्थित अहाता नंबर 10 जो वर्ष 1982 में जारी कर निर्धारण की पहली सूची में उनके पिता भोलानाथ, लक्ष्मण और रामचन्दर के नाम दर्ज है। वर्ष 2006 में उनकी माता समेत अन्य का नाम भी बैनामे के आधार पर इस संपत्ति पर दर्ज हुआ। बाद में तमाम वारिसों के नाम भी दर्ज होते रहे और बैनामा होता रहा। आरोप है कि चेयरमैन गीता जायसवाल, उनके पति प्रदीप जायसवाल और अन्य ने साजिश के तहत फर्जी दस्तावेजों के आधार पर सभी मालिकान का नाम काटकर राजेश कुमार पुत्र शिवकुमार का नाम दर्ज कर दिया। न्यायालय में वादी का आरोप यह भी है कि चेयरमैन पक्ष द्वारा नामांतरण कार्यवाही से पहले प्रार्थी पर कौड़ी के भाव संपत्ति बेचने का दबाव बनाया गया। मना करने पर दूसरे का नाम चढ़ाकर संपत्ति ले लेने और जान से मारने की धमकी दी गई। बाद में उक्त संपत्ति को चेयरमैन गीता जायसवाल व उनके पति प्रदीप ने राजेश कुमार से अपने भतीजे अनुराग जायसवाल के नाम बैनामा लिखवा लिया गया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने शनिवार को चेयरमैन गीता जायसवाल, उनके पति प्रदीप जायसवाल, भतीजे अनुराग जायसवाल, नगर पालिका परिषद के कर लिपिक श्रीराम शुक्ल, राजेश कुमार पुत्र शिवकुमार, सुशीला पत्नी राजेश, चंचल जायसवाल के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच करने का आदेश पारित किया। अदालत ने कहा है कि एफआईआर की रिपोर्ट तीन दिन के भीतर न्यायालय के समक्ष पेश की जाए। मामले में प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार आर्य ने बताया कि एक महीने पूर्व उक्त प्रकरण में न्यायालय द्वारा आख्या मांगी गई थी। जिसे भेजा भी गया। मुकदमा दर्ज करने का आदेश अभी थाने पर आया नहीं है।

सैंथवार मल्ल शिक्षक संघ ने मेधावी छात्र राहुल सिंह को सम्मानित किया व आर्थिक सहयोग दिया

प्रखर गोरखपुर। सहजनवा प्रतिभा सम्मान समारोह के क्रम में यूपी बोर्ड 2022 इंटरमीडिएट में जनपद गोरखपुर में टॉप सूची में तीसरा स्थान बनाने वाले छात्र राहुल सिंह पुत्र सुबास सिंह के गांव फुलवरिया, पोस्ट जंगल कौड़िया में सैंथवार मल्ल शिक्षक संघ का प्रतिनिधि मंडल पहुंचा। कार्यक्रम की शुरूआत शिक्षकों एवं उपस्थित ग्राम सभा के सम्मानित व्यक्तियों के परिचय से हुआ। सभी शिक्षक साथियों ने राहुल सिंह की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया और उन्हें बधाई दी। छात्र राहुल सिंह की रुचियों एवं आगे के अध्ययन और लक्ष्य के संबंध में बातचीत की गई और शिक्षक साथियों ने इस संबंध के उन्हें गाइड और काउंसलिंग किया। तदुपरान्त शिक्षक संघ के प्रतिनिधियों ने छात्र राहुल सिंह, उनकी माता श्रीमती पानमति देवी एवं पिता श्री सुबास सिंह, चाचा श्री जगदीश सिंह, पूर्व जनपद टॉपर अभिषेक सिंह को फूलमाला, पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। ऊटअरड द्वारा उपलब्ध कराई गई पुस्तक मंडल कमीशन : राष्ट्र निर्माण की बड़ी पहल लेखक सतेंद्र पीएस और भारतीय लोक परंपराओं में भगवान बुद्ध एवं उनका धम्म : लेखक ई. जीसी सिंह उन्हें उपहार स्वरूप भेंट किया गया। राहुल सिंह की आर्थिक कठिनाइयों में सहयोग हेतु ?11000 का चेक प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में सैंथवार मल्ल शिक्षक संघ के प्रतिनिधि मंडल में प्रवक्ता गणित दिलीप सिंह, अखिलेश सिंह, श्री राजेंद्र सिंह, श्री जय प्रकाश मल्ल, श्री विनय सिंह डॉ. दिलीप सिंह (डारेक्टर एएन सिंह इंटर कॉलेज, शिक्षक एवं समाजसेवी) डॉ. जनार्दन सिंह एवं डॉ. रवींद्र पीएस तथा ग्रामीणों में श्री वीरेंद्र सिंह, मोनू सिंह, श्री दिनेश सिंह, गोरख सिंह (ग्राम सभा कोटेदार) मजनू सिंह, रामकेश सिंह, अंश, विशाल, अंशिका आदि लोग मौजूद रहें। कार्यक्रम का संचालन डॉ. जनार्दन सिंह ने किया और आभार ज्ञापन डॉ. दिलीप सिंह ने किया। साथ ही साथ श्री उदय सिंह (सेवानिवृत्त शिक्षक) से उनके गांव बुढियाबारी में मुलाकात कर कुशल क्षेम पूछा गया।

संक्षिप्त खबरें

युवक का शव मिला

प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। मंडुवाडीह क्षेत्र के तुलसीपुर में सोमवार की सुबह खाली पड़े एक मकान में गोपाल 29 वर्ष पुत्र स्व0 लखन प्रसाद का शव मिला।सूचना पर कस्बा चौकी प्रभारी ब्रजेश सिंह ने पहुँचकर फॉरेंसिक टीम को सूचना दी। मौके पर पहुँची फॉरेंसिक टीम को मृतक के कमरे से कुछ इंजेक्शन मिले। कस्बा चौकी प्रभारी ने बताया की मृतक अविवाहित था और वह औरंगाबाद में एक नेलपॉलिश बनाने की फैक्ट्री में कार्य करता था व नशे का आदी था। मृतक पांच भाई था और उनमें तीसरे न0 पर था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण हेतु भेज दिया।

सामाजिक कल्याण एवं परिवर्तन सेवा संस्थान आरंभ

प्रखर मिजार्मुराद वाराणसी। थाना क्षेत्र में सामाजिक कल्याण एवं परिवर्तन सेवा संस्थान का आयोजन छात्राओं को शिक्षित बनाने तथा सिलाई ,कढ़ाई, ब्यूटीशियन, कंप्यूटर शिक्षा, इत्यादि सिखाने के लिए इस संस्था द्वारा छात्राओं को जागरूक किया जा रहा है जिसके तहत ग्राम सभा ठटरा में ग्राम प्रधान सुनील बिंद द्वारा इस संस्था को एक सिलाई मशीन व ,एक कंप्यूटर दिया गया इस दौरान मुख्य रूप से भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रमेश सिंह, ग्राम प्रधान ठटरा सुनील बिंद, अजमेर साहिल, छात्राएं, केंद्र संचालक रंजीत केसरी इत्यादि लोग उपस्थित रहे ।

मेहनाजपुर में पिकअप और बाइक की जोरदार टक्कर में एक युवक की हुई मौत, मची सनसनी

प्रखर लालगंज आजमगढ़ । मेहनाजपुर थाना क्षेत्र के 22 वर्ष के शिवम खरवार और 18 वर्ष के सर्वेश खरवार पुत्रगण अभिलाष खरवार निवासी लालमऊ मेहनाजपुर दोनों भाई खरिहानी की ओर से आज रविवार को दोपहर बाद ढाई बजे के करीब मेहनाजपुर की तरफ आ रहे थे कि तरवां पुल के पास पहुंचने पर विपरीत दिशा से आ रहे पिकअप से उनकी बाइक टकरा गई जिससे दोनों गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर तरवां थाना की पुलिस मौके पर पहुंच गई और दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तरवां पहुंचाया गया। जहां चिकित्सक ने शिवम को मृत घोषित कर दिया जबकि सर्वेश को सदर आजमगढ़ के लिए रेफर कर दिया, बताया जा रहा है कि उसकी हालत चिंताजनक देखते हुए उसे भी आजमगढ़ से ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया है। पिकअप को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। वहीं दूसरी ओर शिवम के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेजे जाने की कार्रवाई आरंभ कर दी है।

ग्रापए प्रदेश अध्यक्ष श्री सौरभ कुमार पहुचे काशी, पदाधिकारियों ने किया जोरदार स्वागत

प्रखर दानगंज वाराणसी। बाबा विश्वनाथ की आध्यात्मिक व सांस्कृतिक नगरी में सोमवार को ग्रामीण पत्रकार एसोशिएशन के प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय श्री सौरभ कुमार जी का जनपद इकाई वाराणसी के जिलाध्यक्ष सी बी तिवारी एवं सभी सहयोगियों की तरफ से ढोल नगाड़े माला फूल एवं बुके देकर जोरदार ढंग से स्वागत किया गया।प्रदेश अध्यक्ष के होटल मान सरोवर में कुछ देर विश्राम के उपरांत जनपद इकाई वाराणसी के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा आगे की धर्मिक यात्रा के लिए सुखद एवं मंगलमय यात्रा की कामना करते हुए विदा किया गया।इस दौरान प्रदेश सचिव नागेश्वर सिंह के द्वारा प्रदेश अध्यक्ष सौरभ कुमार जी को बाबा विश्वनाथ का प्रसाद व रुद्राक्ष का माला भेंट किया गया।इस दौरान स्वागत प्रमुख रुप से पुर्व जिलाध्यक्ष गजेन्द्र सिंह,जिला महासचिव रिंकू पाठक,जिला उपाध्यक्ष देवमणि त्रिपाठी,गुड्डु हासमी, तहसील अध्यक्ष सदर जयंत सिंह,सतीश कुमार,विकास दत्त मिश्रा, अनुराग जायसवाल,विजय शंकर चौबे,अतुल सोनी,विवेक राय,राहुल चौबे,सुशीला देवी,नीलाम्बर त्रिपाठी समेत दर्जनों लोग मौजुद रहे।

महादेव सूर्या विनायक बॉक्सिंग एकेडमी के मुक्केबाज ऋषभ पाण्डेय का यूथ नेशनल के लिए उत्तर प्रदेश की टीम में हुआ चयन

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। महादेव सूर्या विनायक बॉक्सिंग एकेडमी के मुक्केबाज ऋषभ पाण्डेय का चयन यूथ नेशनल के लिए उत्तर प्रदेश की टीम में हुआ है` 5 जूलाई से 12 जुलाई तक तमिलनाडु में यूथ नेशनल होना है ऋषभ बनारस के एक मात्र खिलाड़ी है जो महादेव बॉक्सिंग एक एकेडमी में कोच दिलीप कुमार सिंह की देख रेख में खुद को तरासने का कार्य पूरी निष्ठा ओर ईमानदारी से दिन प्रतिदिन सुबह शाम कर रहे हैं` ऋषभ की इस उपलब्धि पे एकेडमी के मुख्य संरक्षक शशिकांत पाण्डेय ने सभी लोगों को बधाई दी और खिलाड़ियों के और भी सुविधाओं का भरोसा दिलाया` ऋसभ कि इस उपलब्धि से इनके गांव छितोना में खुशी की लहर है इनके पिता श्रवण कुमार पाण्डेय इनकी माता सरिता पाण्डेय हैं रिषभ तीन भाइयों में सबसे बड़े है इनकी एक बहन है इनके बड़े पिता ओमप्रकाश पाण्डेय का बहुत सपोर्ट रहता है इनकी दादी राम सती देवी इनको बहुत मानती हैं।

प्रखर पूर्वांचल

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं